
Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


## एक नजर

### लोडर चालक पर केस दर्ज

रूरा। मुरलीपुर गांव के समीप बीते 26 मार्च को एक लोडर द्वारा बाइक को टक्कर मारने में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। डेरापुर क्षेत्र के डुडौली निवासी सुमित अवस्थी ने पुलिस को बताया कि उसका भाई शिवम अवस्थी अपने गांव से बहन के यहां माल का पुरवा गांव जा रहा था। तभी कहिंजरी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

### महिला को पीटने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

रूरा। पुरानी खुन्नस में गांव कुछ लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट कर दी। दलागांव निवासी बिटान ने पुलिस को बताया कि बीते रविवार को वह चौराहे से अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में गांव के अनिल, सुमित, गौरी शंकर व अमित ने पुरानी खुन्नस के चलते मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गई। पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव किया। जिसके बाद वह किसी तरह बच सकी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पेट्रोल पंप में लूट के दोषी को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- साढ़े सात वर्ष पहले हुई थी घटना, कोर्ट ने चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** रूरा क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर करीब साढ़े सात साल पहले पेट्रोल भराने आए बदमाशों द्वारा सेल्समैन को मारपीट कर बिक्री का रुपये लूटने के मामले में एंटी डकैती कोर्ट ने बुधवार को एक आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी प्रो. सतीश नारायण ने रिपोर्ट में बताया था कि 22 सितंबर 2016 की शाम आठ बजे पेट्रोल पंप पर दो बाइकों में पांच युवक आए। सेल्समैन विपिन कुमार से एक बाइक में एक हजार और दूसरी में नौ सौ रुपये का पेट्रोल डलवाया। सेल्समैन ने रुपये मांगे तो युवकों ने राड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। दूसरे सेल्समैन दीपू पाल को तमंचा लगा दिया और बिक्री के 80,880 रुपये लूट ले गए। पुलिस ने गवाहों के बयानों के आधार पर चार बदमाशों शिवली क्षेत्र के सैंकी उर्फ अमन, शाकाल उर्फ राहुल, संजीत यादव उर्फ चौधरी व सोनू उर्फ विक्रम सिंह के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की कोर्ट में चल रही थी। दौरान सुनवाई अदालत आ रहे खलकपुर के आरोपी संजीत यादव उर्फ चौधरी की पत्रावली अलग कर दी गई थी। बुधवार को कोर्ट ने संजीत यादव उर्फ चौधरी को दोषी करार देकर तीन साल की सजा सुनाई। चार हजार का जुर्माना भी लगाया है।

## बकाया मांगने पर मारपीट का आरोप

रूरा। बांस-बल्ली का किराया मांगने पर युवक के साथ मारपीट कर दी और झूठे मुकदमे ने फंसाने की धमकी दी। शिवली रोड रूरा निवासी भानु प्रताप सिंह कस्बा में ही बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किए हैं और बांस बल्ली भी किराए पर देते हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2022 में रामपुर निवासी भूपेंद्र उर्फ कल्लू को 60 रुपये प्रति दिन के हिसाब बांस बल्ली दी थी। जिसका किराया अभी तक सिर्फ 2200 रुपया मिला और बाकी 28220 रुपये बकाया हैं।

रुपये मांगने पर उन्हें बार-बार टरका देता था। जब वह बुधवार को बकाया मांगने युवक के घर रामपुर गए तो उसने अपने भाई राजू के साथ मिलकर पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। साथ ही मुकदमे में फंसने की धमकी दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पुलिस को भेजकर छानबीन कराई जा रही है।

# दूसरे दिन हंगामे के बाद सहायिका का शव दफन

कार्रवाई का भरोसा

संवाददाता, शिवली

- परिजनों ने पहले नामजद फिर अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर
- मुआवजा और नौकरी देने की उठाई गई आवाज

**अमृत विचार:** लालपुर शिवराजपुर गांव में आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या के मामले में दूसरे दिन बुधवार को भी परिजनों ने नामजद रिपोर्ट, मुआवजा और नौकरी की मौखिक मांग करते हुए हंगामा किया। सूचना पर सीओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मान-मनौव्वल के बाद शाम को गांव के बाहर शव दफन किया गया।


हंगामा कर रहे आक्रोशित लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर निवासी ज्ञानवती उर्फ गीता (50) गांव के ही आगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर तैनात थी। पति की मौत हो जाने के बाद से उनके तीनों पुत्र बाहर रहकर नौकरी करते हैं। वह गांव में अकेली रहती थी। सोमवार की सुबह काफी देर घर का दरवाजा न खुलने पर पड़ोस के लोगों ने सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को गीता का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला था।

मौके पर पहुंचे एसपी व सीओ राजीव सिरोही ने छानबीन की थी साथ ही फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए थे। फॉरेंसिक टीम ने कमरे के अंदर से एक पीला अंगौछा व नमकीन के पैकेट बरामद किए थे। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की शाम शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा किया और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर परिजनों को शांत करा दिया था।

दूसरे दिन बुधवार को फिर परिजन आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट, मुआवजा और नौकरी देने की मौखिक मांग कर हंगामा करने लगे। सूचना पर सीओ शिवली राजीव सिरोही, सीओ सदर प्रिया सिंह, कोतवाल संजय गुप्ता फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया। परिजनों ने पहले पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी, फिर शाम को दूसरी तहरीर देकर अज्ञात में रिपोर्ट लिखाई गई। इसके बाद शाम को गांव के बाहर शव को दफन कर दिया। कोतवाल ने बताया कि तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रात से लापता युवक का गांव के बाहर फंदे पर लटका मिला शव

## रात में बिना बताए घर से निकला था युवक, खबर मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भंदेमऊ गांव निवासी युवक मंगलवार की रात बिना बताए घर से निकल गया। रात भर परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे। बुधवार की सुबह उसका शव संदिग्ध हालात में पेड़ पर फंदे से लटकते मिला। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू की है।


विपरेंद्र।


घटना के बाबत लोगों से जानकारी लेते थाना प्रभारी। अमृत विचार

भंदेमऊ गांव निवासी मेवालाल संखवार का पुत्र विपरेंद्र (20) मंगलवार की देर रात किसी को बिना बताए घर से चला गया था। इसके बाद वह रात भर घर नहीं लौटा। बुधवार की सुबह विपरेंद्र का शव संदिग्ध हालात में गांव के बाहर रेशम फॉर्म हाउस में सिरसा के पेड़ पर नायलॉन की रस्सी के सहारे फंदे से लटकता मिला। लोगों की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मां शिववती गश खाकर जमीन पर गिर पड़ी। युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके चार बहनें भी हैं। वह पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाता था।

मामले की सूचना मिलने पर पहुंची मंगलपुर थाने की पुलिस ने जांच-पड़ताल की। साथ ही फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जेल में कैंसर पीड़ित रेप के आरोपी की थमी सांस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- पिछले साल 22 अप्रैल को जेल भेजा गया था आरोपी
- हालत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल लाए थे जेल वार्डन

**अमृत विचार:** दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में जिला कारागार में निरुद्ध कैंसर पीड़ित बंदी की मंगलवार की रात अचानक हालत बिगड़ गई। जेल वार्डन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



रूरा थाना क्षेत्र के भानदत्त का पुरवा गांव निवासी राजकुमार (40) पुत्र बाबूलाल के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी को पिछले साल 22 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, तब से वह जिला कारागार माती में निरुद्ध चल रहा था। जेल प्रशासन के अनुसार बंदी राजकुमार कैंसर से पीड़ित था और उसका इलाज जेके कैंसर अस्पताल कानपुर में चल रहा था।

मंगलवार की रात बंदी की जेल में अचानक हालत बिगड़ गई। जेल वार्डन रवि राजपूत और मोहित कुमार उसे लेकर जिला अस्पताल अकबरपुर पहुंचे, जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बंदी को मृत घोषित कर दिया। जेल प्रशासन की सूचना पर बंदी के परिजनों में कोहराम मच गया। जेल वार्डन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### पोस्टल बैलेट से मतदान कराने का प्रशिक्षण पूरा

कानपुर देहात। लोकसभा समान्य निर्वाचन 2024 में पोस्टल बैलट से मतदान कराने के लिए नामित अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप पोस्टल बैलट से मतदान संपन्न कराया जाएगा। जिसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण को भलीभांति ग्रहण करें। इस दौरान डीएफओ अनिल कुमार द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय मौजूद रहे।

### सीडीओ का नंबर हैक कर मांगे रुपये

कानपुर देहात। बुधवार को हैकरों ने सीडीओ का व्हाटसएप नंबर हैक कर रुपयों की मांग शुरू कर दी। जिससे महकमे में हड़कंप मच गया। बुधवार को जनपद की मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. का व्हाट्सएप नंबर हैक कर रुपये की मांग की जाने लगी। आईएएस द्वारा रुपयों की मांग को लेकर महकमे में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। जानकारी होने पर सीडीओ भी सन्न रह गई। उन्होंने सीडीओ वार रूम व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से अपना नंबर हैक होने की सूचना प्रसारित कराई। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई है। साइबर हैकरों की छानबीन की जा रही है।

### साइकिल की कैंची टूटने से अधेड़ गिरा, हालत गंभीर

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा में साइकिल की कैंची टूटने से उसमें सवार अधेड़ घायल हो गया। कस्बा के टाकीज गली निवासी मधु गुप्ता ने बताया कि उसके पति शैलेंद्र गुप्ता (50) घर से साइकिल में सवार होकर दूध लेने के लिए मुख्य मार्ग के होटल में जा रहे थे। तभी अचानक टाकीज गली के मोड़ के पास अचानक साइकिल की कैंची टूटकर गिरने के कारण घायल हो गया। स्थानीय लोग उन्हें सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार करने पर हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कंटेनर में लादे गए 35 गोवंश बरामद, तस्कर भाग निकले

राजपुर। दमनपुर के जंगल में मंगलवार रात कुछ लोग कंटेनर में गोवंश लाद रहे थे। टार्च की रोशनी देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सिकंदरा तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, सीओ संजय वर्मा व राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख पशु तस्कर कंटेनर छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने कंटेनर में लादे गए 9 गाय व 26 सांड़ को बरामद किया और ग्रामीणों की मदद से आसपास की गौशालाओ में भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दमनपुर गांव के समीप एक मंदिर के समीप हरियाणा नंबर के एक कंटेनर में गोवंशों को लादा जा रहा है। सूचना मिलने पर एसडीएम सिकंदरा व सीओ को जानकरी दी गई। मौके पर तहसीलदार व सीओ के साथ छापेमारी की गई है। कंटेनर में क्रूरता पूर्वक लादे गए गोवंशों को सिल्हौला, गुरदही बुजुर्ग व छोलापुर की गौशालाओं में भेजा गया है। कंटेनर को थाने में खड़ा कराया गया है। उसके नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### लोकतंत्र में मतदान की अहमियत समझाई गई

रसूलाबाद। लोकतंत्र में मतदान की बहुत अहमियत है। वोट से ही देश का भविष्य बनता है। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने जन जागरूकता रैली में कही। बुधवार को रसूलाबाद के प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संविलयन विद्यालय दहेली, अंगदपुर सीठऊपुरवा, कहिंजरी, ताजपुर, पहाड़ीपुर, नौहानौगांव, सुंदरपुर गजेन, नैला, दांती, लाला निवादा आदि विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए। बीईओ ने समस्तपुर के बच्चों को पुरस्कृत किया। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकों में नए सत्र से संबंधित जानकारियां दी गई। अभिभावक व अध्यापकों से मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भराए गए। एआरपी आशीष द्विवेदी ने कई विद्यालयों में भ्रमण कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहभागिता की। इस मौके पर गौरव सिंह, पवन सिंह, नीलम चंदेल मौजूद रहे।

# ओवरटेक करने में खंभे से भिड़ी रोडवेज बस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कानपुर से करीब आधा सैकड़ा सवारियां लेकर जा रही झांसी डिपो की बस हाईवे पर जैनपुर के पास ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर विद्युत खंभों से टकराते हुए सर्विस लेन के किनारे जाली से भिड़ गई, जिससे सवारियों में हड़कंप मच गया। हादसे में पांच सवारियां मामूली रूप से चुटहिल हो गईं। गनीमत रही कि टकराने के बाद विद्युत तार टूटने से आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे हादसा होते बचा।


हादसे में क्षतिग्रस्त रोडवेज बस।

बुधवार दोपहर झांसी डिपो की रोडवेज बस कानपुर नगर से 50 सवारियों को बैठाकर झांसी जा रही थी, तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-झांसी हाईवे पर जैनपुर स्थित एक फैक्ट्री के पास एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में रोडवेज बस अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे खड़े बिजली के डबल पोल व एक सिंगल पोल से टकराते हुए सर्विस लेन किनारे लगी लोहे की जाली से भिड़ गई। हादसे में सवारियों में चीख-पुकार मच गई।

तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सवारियों को बस से बाहर निकाला। हादसे में अक्षय सिंह निवासी टंडनगंज थाना कालपी, गीता, राजरानी निवासी चुन्नीगंज कानपुर, जयकरनखेड़ा बेहटा उन्नाव और फहमीदा समेत अन्य यात्री मामूली रूप से चुटहिल हो गए। रोडवेज बस चालक योगेश कुमार ने बताया कि आगे चल रहे ट्रक चालक के अचानक मोड़ने से बस अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई। हादसे की सूचना पर जैनपुर पुलिस ने मौके पर जाकर चुटहिल बस यात्रियों का निजी अस्पताल में इलाज कराया। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि बस यात्री मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। यात्रियों को दूसरी बस से रवाना कर दिया गया है।

### खंभा टूटने से अकबरपुर व मुख्यालय की बत्ती गुल

कानपुर देहात। जैनपुर में रोडवेज बस की टक्कर से तीन बिजली पोल टूटने से जिला मुख्यालय समेत अकबरपुर नगर की बिजली करीब शाम तीन बजे गुल हो गई। जिसके चलते अधिकांश सरकारी कार्यालयों में कामकाम प्रभावित हो गया। देर शाम तक आठ बजे बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। जिला मुख्यालय के कार्यालयों व अकबरपुर नगर के घरों में लगे इंवर्टर भी दगा दे गए। जिससे लोगों को परेशान होना पड़ा। बिजली न आने के कारण दुकानदार भी सन्नाटे में बैठे रहे। लाइनमैन बादल सिंह ने बताया कि बस की टक्कर से तीन विद्युत पोल टूटे हैं, जिनकी मरम्मत की जा रही है। देर रात तक आपूर्ति शुरू होने की संभावना है।

# डंपर पलटने से दो किमी लंबा जाम

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** चालक को झपकी आने से ईंट लदा डंपर अनियंत्रित होकर झींझक-मंगलपर मार्ग पर पलट गया, जिससे आवागमन बाधित हो गया और करीब दो किलोमीटर तक जाम लग गया।

झींझक-मंगलपुर मार्ग पर सुरासी-मुंडेरा गांव के बीच बुधवार भोर ईंट से लदा एक डंपर अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया। चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। डंपर पलटने से झींझक-मंगलपुर मार्ग पर करीब दो किलोमीटर तक भीषण जाम


झींझक-मंगलपुर मार्ग पर पलटा डंपर व जाम में फंसे लोग। अमृत विचार

लग गया, जिससे निकालने वाले स्कूली वाहनों समेत राहगीरों को सुबह काफी देर तक जाम से जूझना पड़ा। पुलिस ने डंपर व सड़क पर फैली ईंट को हटवाया। इसके बाद यातायात फिर से सुचारू हो सका। चालक को झपकी आने से डंपर पलटने की बात सामने आ रही है। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई है।

## चोरी के घंटे समेत दो चोर गिरफ्तार

रूरा। मड़ौली रोशनमऊ गांव में रिंद नदी के पुल से पुलिस ने दो चोरों को मंदिर से चोरी गए घंटे व एक तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

मंगलवार की रात दरोगा देवेंद्र कुमार को सूचना मिली कि मड़ौली में सोमवार को चोरी हुए घंटे बेचने की फिराक में दो लोग रिंद नदी पुल पर खड़े हैं। पुलिस ने दोनों चोरों को धर दबोचा। पकड़े गए चोरों ने पुलिस को अपना नाम मनीष व विनय निवासी मकरंदपुर थाना शिवली बताया। तलाशी में उनके पास मंदिर से चोरी किए गए घंटे व एक देशी तमंचा बरामद हुआ।

धर्म-अध्यात्म | राजपुर के मुखर्जी नगर में आचार्य ने सुनाया श्रीकृष्ण-सुदामा का प्रसंग

# सच्चा मित्र वही जो विपत्ति में सही राह दिखाए

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के मुखर्जी नगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आखरी दिन भगवताचार्य ने श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।


कथा सुनाते आचार्य।


श्रीमद्भागवत कथा सुनते लोग। अमृत विचार

मुखर्जी नगर में 28 मार्च से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वृंदावन से आए भगवताचार्य पं. श्याम जी भैया महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचते हैं। जहां द्वारपाल सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक लेते हैं। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना तो प्रभु श्री कृष्ण सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने अपने सीने से लगा लिया। भागवत कथा के अंत मे परीक्षित ऊर्वीदत्त उपाध्याय व सोनी उपाध्याय ने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शखिल दत्त उपाध्याय, रानू तिवारी, सरिता उपाध्याय, मानू उपाध्याय, दीपक मिश्रा, रामू कटियार, भरत विश्नोई, अंकित विश्नोई आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला घायल

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दलेल नगर के ब्रजनाथ ने बताया कि उसकी पत्नी रामकांति (60) खेत जाने के लिए रेलवे लाइन पार जा रही थी, तभी ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गई। जानकारी होने पर सीएचसी लाया गया, जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार करने पर हालत में सुधार न होने से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# अन्ना मवेशियों के आतंक से कराह रहे अन्नदाता, जिम्मेदारों ने मूंद लीं आंखें

## भिटौरा समेत अन्य ब्लाक क्षेत्रों के गांवों में मवेशी बने मुसीबत, बर्बाद कर रहे फसल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तमाम कवायदों के बाद भी अन्ना मवेशियों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। अन्ना मवेशियों के आतंक से अन्नदाता कराह रहे हैं। रखवाली के बावजूद फसलें नहीं बच पा रही हैं। अभियान में पशुपालन विभाग सैकड़ों मवेशी पकड़ने का दावा कर रहा है। जानकार महज इसे कागजी कोरम और आंकड़ेबाजी बता रहे हैं। वहीं, किसानों को अन्ना मवेशियों से परेशान होना पड़ रहा है।

जिले में स्थायी और अस्थायी 52 से अधिक छोटी बड़ी गौशालाओं में करीब 20 हजार गोवंश को संरक्षित करने का विभाग दावा कर रहा है। सूत्रों की मानें तो विभाग गोशाला में संरक्षित गोवंश की संख्या को लेकर फर्जी आंकड़ेबाजी कर रहा है। यही कारण है कि शहर से लेकर गांवों तक सड़कों से लेकर चौराहों तक में अन्ना पशु घूमते दिखाई देते हैं।

**भिटौरा ब्लॉक में सबसे ज्यादा अन्ना मवेशी :** किसानों के अनुसार, जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अन्ना मौजूद हैं। भिटौरा ब्लॉक में सबसे ज्यादा अन्ना मवेशी होना बताया जा रहा है। इसके अलावा हथगाम ब्लॉक, देवमई, ऐरायां, धाता, मलवां, तेलियानी, असोथर, बहुआ, अमौली, हसवां समेत खजुहा ब्लाक में अन्ना विचरण करते नजर आते हैं।


सड़कों पर घूमते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

### एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल झाड़ लेते हैं पल्ला

विभागीय जिम्मेदारों और पशु डॉक्टरों के बयान परस्पर विरोधाभासी होते हैं। किसानों को मुसीबत से राहत देने को शासन ने अभियान चलाकर जिले को अन्ना से राहत देने का निर्देश दिया था। डेडलाइन बीत जाने के बाद भी तमाम मवेशी अन्नदाता की बर्बादी का कारण बने हैं। पशु पालन विभाग और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ मामले से पल्ला झाड़ रहे हैं। गौशालाओं में क्षमता से ज्यादा मवेशी होने का भी जिम्मेदार रोना रो रहे हैं। अन्ना मवेशी किसानों के सपनों को उजाड़ने में काई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# गर्म हवाएं रोक रहीं लोगों के कदम, पारा 38 डिग्री पर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अभी से गर्म हवाएं लोगों को परेशान करने लगी हैं। गर्मी के मौसम का सख्त रुख लोगों के लिए आफत बन रहा है। सुबह की सुहावनी हवाएं दोपहर होते ही लू के थपेड़ों का रूप लेकर लोगों के कदमों का रोक रही हैं। गर्मी को देखते हुए लोगों ने पहले से ज्यादा तरल पदार्थ पीना शुरू कर दिया है।

अप्रैल के महीने में ही तीखी गर्मी पड़ने लगी है। पिछले साल जहां मार्च-अप्रैल में मौसम कुछ हद तक अच्छा रहा था। वहीं इस बार अभी से मौसम मई-जून जैसा हो गया है। दिनभर गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। सुबह, दोपहर, शाम और रात चारों पहर में से सबसे ज्यादा मौसम दोपहर में लोगों की परीक्षा ले रहा है। वाहनों के साथ पैदल चलने वाले लोग भी लू के थपेड़ों का सामना कर रहे हैं। तल्ख मौसम को देखते हुए लोग अपनी-अपनी तरह से बचाव कर रहे हैं। मुख्य चौराहों को छोड़कर दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है।


धूप में चेहरा ढककर निकलतीं युवतियां।

### न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस

बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 10 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। साथ ही मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 .5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## सार-संक्षेप

### गर्मी बढ़ते ही फुंकने लगे ट्रांसफार्मर

**धाता फतेहपुर।** नगर पंचायत धाता में बिजली की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार की ओर से निर्बाध आपूर्ति की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली कटौती होने से किसान वा कस्बे की जनता परेशान रहती है। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावजूद आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं होता है। नगर पंचायत के वार्ड नम्बर एक में नरिहाई तालाब के पास सिराथू रोड़ पर लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर लगे कुछ दिन भी नहीं बीते कि रविवार को पुन: जल गया। जिससे कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मोहल्ले के लोग बिजली की समस्या से काफी परेशान हो चुके हैं। लगभग 250 घर की आबादी में विद्युत आपूर्ति नहीं होने से गर्मी के मौसम मे लोग रात-रात भर जाग कर गुजार रहे हैं। बिजली नहीं आने से घरेलू निजी सबमर्सिबल नहीं चलने से पानी की समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। बिजली उपभोक्ता अनिल मोदनवाल, राम कुमार आदि ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से लोड को देखते हुए इसकी क्षमता बढ़ाने की कई बार मांग की गई है। अवर अभियंता चन्द्रमा प्रसाद ने बताया कि दो फेस जल गए हैं, एक फेस से आपूर्ति कुछ घरों में हो रही है। लोगों द्वारा बार-बार फेस बदलने व कटिया लगाने से यह नौबत आ रही है। लोड बढ़ाने व ट्रांसफार्मर को चेक कराकर खराबी का पता लगाया जा रहा है।

### बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**मूसानगर।** क्षेत्र स्थित एसडीएसजी इंटर कॉलेज दहेली में वार्षिकोत्सव व अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बुधवार को विद्यालय के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत मूसानगर अध्यक्ष पूजा निषाद व उनके पति विनोद निषाद ने किया। उन्होंने बच्चों को अंक पत्र व शील्ड वितरित करते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर नृत्य व नाटक प्रस्तुत किए। अभिभावकों ने बच्चों की प्रशंसा की और कार्यक्रम का आनंद लिया। विद्यालय के प्रबंधक इंद्रपाल सचान, डायरेक्टर पवन सचान, प्रधानाचार्य सर्वेश सैनी ने आए हुए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद हबीब, राजेश ओमर, राकेश गुप्त, बबलू अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य सुलक्षणा मिश्रा, आशीष तिवारी, आदित्य कौशल आदि लोग मौजूद रहे।

### चूहों व छछूंदरों से निजात पाने के लिए बनाई रणनीति

**फतेहपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि अप्रैल महीने में संचारी रोग नियंत्रण अभियान (प्रथम चरण) सफल क्रियान्वयन के लिए ब्लाक एवं न्याय पंचायत स्तरीय कार्मिकों को दो से तीन न्याय पंचायत का आवंटन किया गया है। बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचारी रोग के वाहक, वेक्टर के रूप में कार्य करने वाले चूहों, छंछूदर के नियंत्रण के लिए जागरुकता कार्यक्रम की कार्ययोजना जारी की गई है। कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा कुल 130 ग्राम पंचायतों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है व तहसील स्तर पर पर्यवेक्षकीय दायित्व के निर्वहन के लिए तीन सहायक विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। गांवों में प्रचार-प्रसार एवं कृषकों में गोष्ठी, कृषक वार्ता के माध्यम से चूहों, छछूंदर नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जाना है। इसके लिए निजी कृषि रक्षा प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध कृषि रक्षा रसायन जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत तथा एल्युमिनियम फास्फाइड 56 प्रतिशत का प्रयोग किया जाना है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि अपने घरों में चूहा नियंत्रण के लिए कृषि रक्षा रसायनों का सावधानीपूर्वक प्रयोग करें। किसान अगर किसी भी समस्या या सुझाव के लिए या फिर कीट रोग के लगने की दशा में रोगग्रस्त फसल, पौधे के फोटो के साथ विभागीय पीसीएसआरएस नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर व्हाटसएप अथवा मैसेज के माध्यम से शिकायत कर सकते है।

### फार्मासिस्ट को दी भावभीनी विदाई

**खागा।** काफी समय से खखरेरु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत रहे फार्मासिस्ट को सहकर्मियों ने उनके कार्यकाल की समाप्ति पर उन्हें फूल मालाओं के साथ भावभीनी विदाई दी। उनके जीवन के लिए स्टाफ के सभी लोगों ने शुभकामनाएं दी। नगर पंचायत खखरेरू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के यूनानी चिकित्सालय में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात रहे अंसार अहमद निवासी धाता को अस्पताल के सहकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी। बता दें कि क्षेत्र की दूसरी नगर पंचायत धाता के अब्दुल कलाम नगर वार्ड के निवासी फार्मासिस्ट अंसार अहमद पिछले कई वर्षों से यूनानी चिकित्सालय खखरेरू में कार्यरत रहे। वह अपने हसमुख अंदाज से जहां लोगों को हंसाते थे तो दूसरी तरफ अपने कार्य को लेकर बेहद गंभीर रहे।

### एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**थरियांव।** थरियांव थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र के एस-10 में चिन्हित संभ्रांत व्यक्तियों की गोष्ठी आयोजित की गई। उन्होंने लोकसभा चुनाव, ऑपरेशन सवेरा, यातायात के बारे में जानकारी साझा करते हुए बारी-बारी से समस्याओं को सुन कर सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान आम जनमानस, क्षेत्राधिकारी थरियांव सहित प्रशासन बल मौजूद रहा। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का पालन करने के साथ-साथ लोकसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के जरौली मजरे देसी का पुरवा गांव निवासी संतोष का पुत्र धर्मेंद्र मंगलवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह कस्बा के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पुलिस ने ग्रामीणों को कराया सुरक्षा का अहसास

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से अलर्ट है। बुधवार को जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर अर्धसैनिक बलों को साथ में लेकर पुलिस ने रूट मार्च किया। आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक थाना खखरेरु पुलिस द्वारा सशस्त्र बल (सीएपीएफ) के साथ थाना खखरेरु क्षेत्र के सलवान, कुल्ली, रहमतपुर, शिवपुरी, रक्षपालपुर, लोहरपुर, हरिशन्द्रपुर समेत कई गांवों में एरिया डोमिनेशन किया गया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर भी पुलिस की नजर रही। रूट मार्च कर पुलिस की टीम ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिस ने कहा कि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो जानकारी दें। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत की और सुरक्षा का भरोसा दिया।


रोजा इफ्तार में मौजूद लोग। अमृत विचार

# रोजा इफ्तार में जुटे रोजेदार

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के नेता रहे मरहूम हाजी वाजिद अली शाह के आवास पर रमजान उल मुबारक के मौके पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इफ्तार किया और मुल्क के अमन, चैन व तरक्की के लिए दुआ की।

रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन झींझक मार्ग पर हुआ। कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिली। आयोजन कर्ता वसीम वारसी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रोजा इफ्तार के बाद मौलाना नायब खान अजहरी ने मगरिब की नमाज अदा कराई। इस मौके पर हाजी फैजान खान, अतहर खान भुटटो, महफूज खान, नसीम अहमद, मुईन खान, राजू चिश्ती, पप्पू मंसूरी, सरताज अशरफ, सभासद सुहैल अहमद, मशरूफ़ नवाज़, हाशिम खान, फरहान मिनी, एहतिशाम खान, गोले सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# ईद पर पठानी सूट व मखमली कुर्तों की मांग बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- रमजान माह के अंतिम अशरे के साथ पर्व की तैयारियां तेज

**अमृत विचार।** रमजान माह के अंतिम अशरे के साथ ईद की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ईद का त्योहार अब नजदीक आ रहा है। बाजारों और घरों में ईद की रौनक दिखने लगी है। हर कोई ईद की तैयारियों में मशगूल है। ईद को लेकर कपड़ों में युवा पठानी सूट, काटन, मखमली कुर्ते पसंद कर रहे हैं।

ईद के त्योहार पर बड़ी संख्या में लोग कुर्ता पायजामा या फिर पठानी सूट को पहनना पसंद करते हैं। बीते कई वर्षों से युवाओं में कुर्तों का चलन बढ़ा है। ऐसे में बाजार में तरह-तरह के कुर्ते के कपड़े मौजूद हैं। रेडीमेड से लेकर इस समय लोग कुर्तों को या तो तैयार करा रहे हैं या फिर रेडीमेड कुर्तों की खरीद करने में लगे हुए हैं। रेडीमेड की दुकानों पर खूब भीड़ हो रही है। जिन लोगों के पास समय है वह लोग टेलर के यहां कपड़े खरीदकर कुर्ते या पठानी सूट सिलवा रहे हैं। गर्मी को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग काटन के कुर्ते सिलवा रहे हैं। हालांकि इसमें कपड़े की कई वैरायटी है। पठानी सूट भी युवाओं को खूब भा रहा है। रंगीन पठानी सूट पहली पसंद बना हुआ है। इस बार तो बच्चे भी कुर्ता या पठानी सूट के दीवाने होते नजर आ रहे हैं।

ईद को लेकर टेलरों के यहां भी अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है। टेलरों के यहां आर्डर फुल चल रहे हैं। टेलर हसन ने बताया कि इस बार कुर्तों और पठानी सूट को सिलवाने को लेकर लोग आ रहे हैं। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस बार अधिक संख्या में लोग कुर्तें और पठानी सूट की मांग बढ़ी है।


बाजारों में दिख रही ईद की रौनक। अमृत विचार

### जूते - चप्पल की खरीद बढ़ी

ईद पर कुछ अलग दिखने के लिए युवा तरह तरह के जतन करने में लगे हुए हैं। जिन युवाओं ने कुर्ते और पठानी सूट सिलवाए हैं या फिर रेडीमेड खरीदे हैं अब वह युवा कुर्ते की मैचिंग के जूते और चप्पल खरीदने में लगे हुए हैं। युवाओं को जूतियां भी खासी पसंद है।

### पगड़ी-टोपी की मांग

ईद को लेकर पगड़ी और टोपी की भी खासी मांग है। बाजार में तरह तरह की टोपियां और पगड़ी मौजूद हैं। युवाओं को पगड़ी और टोपी खूब पसंद आ रही है। कुर्तों से मैचिंग की टोपी और पगड़ी को लेकर युवा बाजारों में पहुंच रहे हैं। टोपी और पगड़ी की दुकानों पर आर्डर भी दिए गए हैं कि उनका पठानी सूट या कुर्ता ऐसे कलर का है उनको उसी कलर की टोपी या फिर पगड़ी चाहिए है।

# महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** एक महिला ने मंगलवार की रात में अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कोरका गांव निवासी इंद्रपाल की पत्नी कुंती देवी ने मंगलवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कौशांबी के लिए रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे कौशांबी जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद घर वाले शव गांव लेकर पहुंचे जहां कोहराम मचा रहा। पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


व्यापारी समिति के कार्यालय का उद्घाटन करते अध्यक्ष व मौजूद व्यापारी।

# संत कुमार व्यापारी समिति के अध्यक्ष

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** व्यापार समिति अध्यक्ष ने व्यापार समिति कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया। इस दौरान समिति के आजीवन सदस्य परवेज आलम को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान व्यापार समिति के मौजूदा अध्यक्ष राजकुमार उर्फ बड़े गुप्ता ने समिति कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। जिसके बाद सर्वसम्मति से सिकंदरा व्यापार समिति का नया अध्यक्ष संत कुमार बबलू को चुना गया। वहीं महामंत्री दिलशाद अहमद व परवेज आलम संरक्षक आजीवन सदस्य चुने गए। बता दें कि लंबे समय से व्यापार समिति के अध्यक्ष के रूप में रामकुमार गुप्ता के हाथों में कमान रही है। नवागत अध्यक्ष ने कहा कि वह व्यापारी संगठन के हित में हमेशा काम करते रहेंगे और किसी प्रकार की समस्या नहीं होने देंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# टेंपों में 10 की जगह 20 सवारियां

संवाददाता, किशनपुर

- किशनपुर पुलिस देखकर भी कर रही अनदेखी

**अमृत विचार।** सड़कों में इस समय टेंपो चालकों की मनमानी हादसों को दावत दे रही है। टेंपो चालक सड़कों पर क्षमता से अधिक सवारियां भर कर फर्राटा भर रहे हैं। जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है।

कस्बे में सुबह से ही मंडी परिसर से लगाकर पावर हाउस तक तो रारी मोड़ व विजयीपुर चौराहे पर टेंपो चालकों का जमावड़ा होता है। फिर इन लोगों के बीच सवारियों को बैठाने को लेकर कहासुनी भी होती है। वही टेंपो चालकों द्वारा 10 सवारी की जगह पर 15 से 20 सवारियां बैठाई जा रही हैं। चालकों की मनमानी इस कदर हावी है कि आधी से ज्यादा सवारियां टेंपो के पीछे या दाई व बाई ओर लटका ली जाती है। कई बार क्षमता से अधिक सवारियां भर कर जा रहे टेंपों अनियंत्रित होकर पलट भी चुके हैं। तो कई बार चालकों की मनमानी से यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बावजूद इसके भी टेंपो चालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। टेंपो चालकों पर प्रशासन भी मेहरबान है। न तो इन्हें क्षमता से अधिक सवारियां भरने के लिए रोका जाता है और न ही इन पर कोई कार्रवाई की जाती है। कई बार तो नाबालिगों के हाथ में टेंपो की स्टेरिंग देखी जाती है। प्रशासन की खुली छूट से इनके हौसले बुलंद हैं और यह बिना रोकटोक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।


टेंपो फुल होने पर लटक कर गंतव्य तक पहुंच रहे लोग।। अमृत विचार

यह कैसी व्यवस्था — नहीं रुक रहा शिक्षा का व्यवसायीकरण, शिक्षा सत्र शुरू होते ही पब्लिक स्कूलों में मनमानी

# लुट रहे अभिभावक, स्कूलों में किताबों के पैकेज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा के व्यवसायीकरण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शासन से पब्लिक स्कूलों के लिए जारी निर्देशों का जिले में हवा में उड़ाया जा रहा है। स्कूलों में न फीस पर लगाम है और न अनावश्यक पुस्तकों का बोझ कम किया जा रहा है। नया शिक्षासत्र शुरू होते ही शहर समेत ग्रामीणांचलों के कई स्कूलों से छात्र-छात्राओं को कॉपी किताबों का बस्ता दिया जा रहा है। कहीं अधिक कीमत चुकाने को मजबूर अभिभावक जेब ढीली कर रहे हैं।

नया शिक्षा सत्र का आगाज एक अप्रैल से हो चुका है। अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। बावजूद इसके पब्लिक स्कूलों में कोई भी अंकुश नहीं लग पाया। मनमानी फीस के साथ साथ कई स्कूल संचालक अपने स्कूल से कॉपी किताबों का बस्ता बेच रहे हैं। जिनमें मनमानी कीमत देनी पड़ रही है। नोट कॉपियों एवं अन्य सामग्री के अतिरिक्त दाम चुकाने पड़ते हैं।

### नामी विद्यालयों में खेल

शहर के कई नामी पब्लिक स्कूलों में यह धंधा खूब चल रहा है। बीते वर्षों में स्कूल से ही बस्ता देने की बात को लेकर अभिभावक संघ ने काफी हो हल्ला भी किया था। बावजूद इसके प्रशासनिक मशीनरी गंभीरता नहीं दिखा रही है। कहीं स्कूल से ही यूनीफार्म समेत अन्य सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है तो कहीं निर्धारित दुकानों से कॉपी, किताबों को खरीदने को बाध्य किया जाता है।

### अभिभावकों में दिख रहा गुस्सा

अभिभावक राजीव श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, देवेन्द्र अवस्थी, सुनील कुमार आदि ने बताया कि स्कूलों में मनमानी फीस वसूली जा रही है। हर कक्षा में प्रोन्नत के बाद प्रवेश शुल्क व अन्य मदों में वसूली हो रही है। एक स्कूल में नर्सरी में प्रवेश पर 7000 रुपये देने पड़ते हैं। इसी तरह से बड़ी कक्षाओं में तो यह धनराशि 12 से 14 हजार रुपये है।

> नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है, शीघ्र ही स्कूलों की ऐसी मनमानी पर अंकुश लगाया जाएगा। विद्यालयों से कॉपी किताबें या अन्य पाठय सामग्री खरीदने को मजबूर नहीं किया जा सकता है। इसके लिए सख्ती बरती जाएगी। अन्यथा कार्रवाई होगी।
>
> -शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस


कॉपी- किताब की दुकान पर भीड़।

### किताबों के ये पैकेज

- नर्सरी: 2615 रुपये
- कक्षा एक : 4092 रुपये
- कक्षा दो : 4435 रुपये
- कक्षा तीन : 4553 रुपये
- कक्षा चार : 4595 रुपये
- कक्षा पांच : 4946 रुपये
- कक्षा छह : 5254 रुपये
- कक्षा सात : 5420 रुपये
- कक्षा आठ : 5552 रुपये

# प्लास्टिक फैक्ट्री के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** खानपुर खरंजा रोड पर संचालित सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली फैक्ट्री के गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे मजदूर भाग खड़े हुए। दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रनियां थाना क्षेत्र के खानपुर खड़ंजा रोड स्थित सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली फैक्ट्री में लगभग 60 मजदूर काम करते हैं। फैक्ट्री एक ही शिफ्ट में संचालित रहती है। बुधवार की दोपहर गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। उन्होंने आग लगने की सूचना फैक्ट्री प्रबंधन को दी। इसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझ सकी। फैक्ट्री प्रबंधन ने आग की सूचना दमकल को दी। अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार दो दमकल वाहन लेकर फैक्ट्री पहुंचे। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक पीयूष जैन ने बताया कि गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। जिसपर काबू पा लिया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई है।


फैक्ट्री में आग बुझाते दमकल कर्मी।



# फैक्ट्री में कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत, जहर देकर मारने का आरोप

## फैक्ट्री मालिक से रुपये के लेनदेन का बताया जा रहा विवाद, 22 अप्रैल को होनी थी शादी

संवाददाता औंग


आशीष कुमार।


इसी फैक्ट्री में काम करता था युवक।

**अमृत विचार।** फैक्ट्री कर्मी का शव परिसर में बने कमरे में पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने आरोप लगाते हुए फैक्ट्री मालिक सहित कई लोगों के खिलाफ पैसे के लेनदेन में जबरन जहर देकर हत्या की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई की बात कही है।

औंग थाना क्षेत्र स्थित एक मैदा फैक्ट्री में काम करने वाला कर्मी आशीष कुमार का शव फैक्ट्री में बने कमरे में पड़ा था। परिवार के लोग जब पुलिस को लेकर पहुंचे तो कमरे में आशीष के मुंह से झाग निकल रहा था और हाथ-पैर अकड़े हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के बड़े भाई अमर सिंह निवासी कानपुर देहात ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया कि आशीष कुमार पिछले पांच साल से एमएलएमपी मैदा फैक्ट्री में काम करता था। दो अप्रैल की रात करीब नौ बजे फैक्ट्री मालिक विवेक राठी, अजय राठी, मैनेजर मदन दीक्षित, मिलर शोभा सिंह, रूम पार्टनर चन्द्र शेखर ने रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद में जहर देकर मार दिया है। मृतक के एक और भाई सुशील कुमार पाल ने बताया कि भाई की शादी 22 अप्रैल को होनी थी। आशीष ने 31 मार्च और एक अप्रैल को फोन पर बताया था कि काम करने का चार लाख रुपये कैश मिल गया है और दो लाख रुपये मिलर से लेकर तीन अप्रैल के दिन घर पहुंच रहा हूं। दो अप्रैल की रात करीब 10 बजे के आसपास बड़े भाई के फोन पर अज्ञात मोबाइल नंबर से मृतक की तबीयत खराब होने की बात कही गई। लेकिन जब बुधवार सुबह वह पहुंचे तो फैक्ट्री मालिक सहित अन्य लोगों ने गाली गलौज कर चले जाने को कहा। फैक्ट्री मालिक या अन्य लोगों ने भाई के मरने की सूचना तक नहीं दी।

थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि शव को देखकर लग रहा है कि जहर दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के भाई ने फैक्ट्री मालिक सहित कई लोगों के खिलाफ जहर देकर मारने की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# झांसा देकर तीन युवकों से ठगे 3.90 लाख रुपये

संवाददाता फतेहपुर

- विदेश में नौकरी लगवाने का दिया था झांसा
- एसपी के आदेश पर खखरेरू पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ओमान में अच्छी नौकरी का झांसा देकर एजेंट ने तीन बेरोजगार युवकों से 3.90 लाख रुपये ठग लिए। मुंबई एयरपोर्ट पर वीजा फर्जी मिलने पर कर्मियों ने तीनों को कई दिन तक बिठाए रखा। करीब 15 दिन बाद घर लौटने पर एजेंट से रुपयों की मांग की तो युवकों को जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के चंदनामऊ निवासी रामबाबू निषाद ने बताया कि सूदनपुर गांव के रामप्रसाद निषाद से दो साल पहले मुलाकात हुई थी। उसने उसे ओमान में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। उसने अपने साथी परवेजपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद, किशनपुर थाने के गढ़ा निवासी राजेंद्र सोनकर से भी विदेश में नौकरी की चर्चा की।

रामप्रसाद ने प्रति व्यक्ति 1.30 लाख रुपये लिए। 30 दिसंबर 2022 को वीजा और हवाई यात्रा टिकट देकर मुंबई हवाई अड्डे भेजा। चेकिंग मंर वीजा फर्जी होने का पता लगा। उन लोगों को हवाई अड्डा पुलिस ने 15 दिन तक पूछताछ के लिए बिठाए रखा। किसी तरह वह लोग घर पहुंचे। रुपये मांगने पर रामप्रसाद ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने एसपी से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार राव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### करंट की चपेट में आए युवक की गई जान


मृतक के घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़।

**खागा।** बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय एक युवक बुधवार को करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। खखरेरू थाना क्षेत्र के सोथरापुर गांव निवासी प्रशांत कुमार उर्फ़ राजीव पुत्र मथुरा प्रसाद विश्वकर्मा सिम पोर्ट करने का काम करता था। परिजनों ने बताया कि बुधवार को घर के अंदर प्रेस करने के लिए जैसे ही प्लग लगाया तो वह करंट की चपेट में आ गया। वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर जिला कौशांबी लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया इस तरह की घटना को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### लेड़हापर तालाब के खरपतवार में लगी आग

**धाता।** नगर पंचायत धाता के अब्दुल कलाम नगर के लेड़हापर तालाब के खरपतवार में भीषण आग लग गई। कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है। बता दें कि बुधवार सुबह खरपतवार से धुआं उठता देख लोगों ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आनन-फानन में गढ़ई मे मौजूद पानी से ही लोगों ने आग बुझानी शुरू की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका और समय पर बिजली आपूर्ति भी नहीं थी। बिजली उपकेन्द्र में सूचना करके आपूर्ति शुरू कराई गई, जिससे सबमर्सिबल पंप के जरिए आग बुझाने का काम ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया। फिर भी आग पर पूर्ण रूप से काबू नहीं पाया जा सका तभी अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई तो करीब चार घंटे बाद दमकल कर्मी पहुंचे और किसी तरह से आग पर काबू पाया।

# शस्त्र लाइसेंस जमा कराने में दिखाएं तेजी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


गांधी सभागार में बैठक करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शस्त्र धारकों के शस्त्रों को जमा कराने को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में द्वितीय बैठक संपन्न हुई।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शस्त्र धारकों के शस्त्र जो शेष बचे हैं उनको सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जमा कराया जाएं। जमानत पर रिहा, आपराधिक इतिहास, दंगो में संलिप्त रहे, परिशांति भंग करने वाले, पाबन्ध किए जाएं। इसके अलावा थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंस धारकों को बीटवार सत्यापन कराते हुए शस्त्रों को जमा कराएं और उनको प्राप्ति रसीद भी दें। यदि सुरक्षा के दृष्टिगत शस्त्र रखने की अनुमति देना है, तो उनसे आवेदन लेकर अपनी स्पष्ट आख्या के साथ स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष जल्द से जल्द प्रस्तुत करें। जिससे उन आवेदनों पर समय से विचार किया जा सके। थाना प्रभारियों से कहा कि जो लाइसेंस शस्त्र धारक थाना सीमा क्षेत्र के बाहर हैं, उन लाइसेंस धारकों के परिजनों से संपर्क करते हुए लाइसेंस धारक अपने शस्त्र का उपयोग किसलिए कर रहे है, संबंधित आवेदन लेते हुए स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करें। अभी तक थानावार जमा हुए शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा भी की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा व अन्य मौजूद रहे।

# पोस्टल बैलेट से मतदान करने का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक
- नोडल अधिकारियों को सहायकों के साथ बैठक करने को कहा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को पुलिस कर्मियों एवं होमगाड्र्स, चालक, क्लीनर को पोस्टल द्वारा मतदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे कार्मिक जिनकी ड्यूटी लगी है एवं आवश्यक सेवाओं से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी डाक मतपत्र से मतदान करने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक समझ लें।

आयोग द्वारा निर्धारित फार्म-12, 12-A, 12-D आदि को भरकर समय से प्रेषित करें। जिससे सभी प्रक्रियाएं पूरी कर डाक मतपत्र के माध्यम से अधिकारी, कर्मचारी मतदान कर सकें। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी अपने सहायकों के साथ बैठक कर आयोग की गाइड लाइन का भलीभांति अध्ययन कर लें।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट, जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश यादव ने पीपीटी के माध्यम से डाक मतपत्र से मतदान करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, एसओसी चकबंदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# 'इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का समझौता'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


मीडिया के समक्ष जानकारी देते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यालय में मीडिया के समक्ष दी जानकारी

**अमृत विचार।** यह दलों का गठबंधन नहीं है, सिर्फ विशुद्ध भ्रष्टाचारियों का एक समझौता है। इसे जनता ठगबंधन कहती है, क्योंकि कांग्रेस और आप दिल्ली में साथ-साथ चुनाव में हैं। यह बातें बुधवार को शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मीडिया के समक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने इन्डी गठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि पंजाब में आये दिन सिर फुटौवल सुनने को मिलती है, जहां कांग्रेस के प्रमुख कर्ताधर्ता 5000 करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप में बेल पर हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के घोटालेबाज मंत्री सत्येन्द्र जैन के साथ ही दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल की हवा खानी पड़ रही है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना पर इनके मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलता है। इस घमंडिया ठगबंधन के नेता आये दिन हिंदू धर्म पर उल्टे सीधे बयान देते रहते हैं।

हाल ही में उदयनिधि स्टालिन के द्वारा हिंदू समाज के देवी-देवताओं का अपमान किया गया पर कोई भी इनका नेता इस पर बयान देने सामने नहीं आया। जनता इनके देश विरोधी मंसूबों को कामयाब नहीं होने देती है। देश की 140 करोड़ जनता नरेन्द्र मोदी व राष्ट्र विकास के साथ मिलकर खड़ी है।

जिला महामंत्री नीरज सिंह, उदय लोधी, जिला मंत्री मनोज मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, सुशील शुक्ला, सह मीडिया प्रभारी शुभम तिवारी, जिला मीडिया संपर्क प्रमुख विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सारे काम छोड़ दो पहले जाकर वोट दो... की गूंज



स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने को लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता फैलाने का सिलसिला जारी है। बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के निर्देश पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने पीरनपुर मोहल्ले में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया।

मदरसा इस्लाहुल अत्फाल स्कूल के सभी बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की गई। फिर डॉ. अनुराग द्वारा बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया गया। बच्चों ने पीरनपुर मोहल्ले में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व दिव्यांग बच्चे अर्श द्वारा किया गया।

# रिंद नदी में डूब कर बुजुर्ग की मौत

**जाफरगंज।** घर से खेतों की ओर निकला एक बुजुर्ग रिंद नदी में डूब गया। परिजनों व ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की तो गांव से दूर दूसरे गांव के पास नदी में शव उतराता मिला। इसके बाद परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी छेदा लाल निषाद उर्फ छेद्दू गांव से दूर खेतों पर गया था। तभी रिंद नदी के किनारे जाने पर अचानक पैर फिसल जाने से वह नदी में डूब गया। जब वह काफी समय तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों व ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच सूचना मिली कि छेद्दू का शव गांव से दूर नरेचा गांव के पास रिंद नदी में उतरा रहा है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

# रोजाना बर्बाद हो रहा लाखों लीटर पानी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- नहीं थम रही पानी की बर्बादी जिम्मेदार गम्भीर नहीं
- पानी की किल्लत तो कहीं साफ पानी से धोई जा रहीं गाड़ियां


इस तरह की जा रही पानी की बर्बादी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक ओर पीने के पानी की गर्मी में किल्लत रहती है, तो वहीं शहर में रोजाना लाखों लीटर साफ पानी बर्बाद होता है। लेकिन इसके बाद भी न तो पालिका और न ही जल निगम गंभीर नहीं दिख रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले समय में पीने के पानी को लेकर परेशानी बढ़ सकती है।

पानी की बर्बादी रोकने को लेकर समय-समय पर जागरूक भी किया जाता है। लेकिन शहर में संचालित वाहन धुलाई केंद्रों पर खुलेआम साफ पानी की बर्बादी की जाती है और इसको बचाने के भी कोई प्रयास नहीं किए जाते हैं। वाहन धुलाई केंद्र पर देखा गया है कि शहर में ही लाखों लीटर साफ पानी की बर्बादी की जाती है।

नगर पालिका और जल निगम ने अभी तक वाहन धुलाई केंद्रों पर पानी की बर्बादी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। शहर में लगभग आधा सैकड़ा छोटे बड़े वाहन धुलाई केंद्र हैं। इन पर साफ पानी की बर्बादी होती है। नगर पालिका ईओ ने बताया शहर में वाहन धुलाई केंद्रों को लेकर जल्द कोई समाधान निकाला जाएगा।

### टोटी विहीन स्टैंड पोस्ट से भी होता पानी बर्बाद

शहर में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। देखा गया है कि शहर में लगे स्टैंडपोस्ट नलों से टोटियां गायब रहती हैं। जलापूर्ति शुरू होते ही पानी बर्बाद होता रहता है। वहीं घरों से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर लगी टोटियों को लोग खुला छोड़ देते हैं। पानी को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए तो हर रोज बर्बाद हो रहे पानी को बचाया जा सकता है।

# आईपीएल मैच में सट्टा लगा रहे दो युवक धरे

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा लगा रहे दो युवकों गिरफ्तार किया है। उनके पास से पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने नगदी रुपये, बाइक और मोबाइल फोन बरामद कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कार्रवाई से आईपीएल मैच सट्टा लगाने वालों में हड़कंप मचा है।

आईपीएल मैच देखने वाले क्रिकेट प्रेमियों की कमी नहीं है, लेकिन क्रिकेट मैच के नाम सट्टा का बाजार बड़े पैमाने पर चल रहा है। आईपीएल मैच के नाम पर्ची बनवाकर सट्टा खिलवाने की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर के सूचना पर शहर के लाल बाजार से कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आईपीएल मैच के नाम पर सट्टा खेल रहे मोहम्मद रिजवान अहमद पुत्र मोहम्मद मुस्ताक अहमद निवासी सैय्यदबाड़ा कोतवाली सदर और मोहम्मद रिजवान पुत्र स्व. मोबिन निवासी चांद खां का हाता बाकरगंज के पास से दो मोबाइल फोन, 18 हजार 600 रुपए और सट्टा की पर्ची बरामद की गई है। पकड़े गए दोनों लोग के खिलाफ पहले भी मुकदमा दर्ज है। दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

बदहाली — नगर पालिका ने शहर के पांच स्थानों में लगवाए थे वाटर एटीएम

# सेंसर खराब, ढूंठ बने वाटर एटीएम

संवाददाता फतेहपुर


पटेल नगर में खराब पड़ा वाटर एटीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी के समय राहगीरों व वादकारियों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए वाटर एटीएम कुछ ही समय में दम तोड़ गए। इससे राहगीरों को अपना गला तर करने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।

नगर पालिका द्वारा शहर के राधानगर चौकी के समीप, ताम्बेश्वर चौराहा, सदर अस्पताल के समीप व जिला कचेहरी में शीलत पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए वाटर एटीएम का निर्माण नगर पालिका द्वारा करीब तीन लाख रुपये की लागत से कराया गया था। वहीं एक अन्य वाटर एटीएम को पटेल नगर में लगवाया गया था। लेकिन कुछ समय बाद ही सभी वाटर एटीएम ने पानी उगलना बंद कर दिया।

बताते हैं कि वाटर एटीएम ने शुरुआती दौर में तो बेहतर पानी उगलना शुरू किया था। जिससे वादकारियों व राहगीरों सहित इलाकाई लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन अधिक दिनों तक इसके संचालित न होने के कारण वह दम तोड़ गए।

### कर्मचारियों की कमी भी अखर रही

बताते हैं कि वाटर एटीएम में क्वाइन डालने के बाद पानी मिल पाता था। जिसके लिए इसमें सेंसर का प्रयोग किया गया था। लेकिन सेंसर में खराबी आ जाने के कारण इनका संचालन प्रभावित हो रहा है। वहीं वाटर एटीएम को संचालित किए जाने के लिए कर्मचारियों की कमी भी परेशानी का सबब बन रही है। जिससे इनकी देखरेख नियमानुसार न हो पाने के कारण संचालन प्रभावित है।

# पाइपलाइन से धुलाई करने वालों को दें नोटिस : एडीएम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर की साफ सफाई की हकीकत जानने के लिए बुधवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने कई स्थानों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ईओ नगर पालिका को शहर को साफ स्वच्छ रखने के निर्देश दिए तो वहीं पाइप लाइन से गाड़ियों की धुलाई कर रहे लोगों को देख कर नाराजगी व्यक्त की।

अपर जिला अधिकारी धीरेंद्र प्रताप ने बुलेट चौराहा से वीआईपी रोड, ताम्बेश्वर मंदिर के आसपास निरीक्षण किया। गंदगी देख ईओ को बेहतर साफ सफाई के निर्देश दिए। उनके साथ अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप, अभियंता जलकल विजय कुमार, सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, मोहम्मद हबीब आदि लोग मौजूद रहे। एडीएम ने वॉशिंग सेंटरों को बिना कनेक्शन के पाइप लाइन से धुलाई का कार्य किए जाने पर फटकार लगाई और अभियंता से तत्काल नोटिस देकर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।


सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते एडीएम न्यायिक। अमृत विचार

# जमीन के विवाद में मां-बेटी को पीटा

**बिंदकी।** जमीन के विवाद के चलते मां-बेटी के साथ मारपीट की गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के यादगारपुर गांव में संतोष की जमीन पर रात को गांव के रामकरण व राम नरेश ने निर्माण कार्य करके दीवार बना ली थी। जिसके चलते बुधवार को इसकी जानकारी संतोष ने पुलिस व राजस्व टीम को दी जिसके चलते पुलिस व राजस्व टीम मौके पर पहुंची थी। इसी बात से खुन्नस खाकर रामकरण और रामनरेश ने अपने अन्य लोगों के साथ विद्यावती व उसकी पुत्री निर्मला देवी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज ने बताया कि तहरीर मिलने पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

NOTICE
AS in all the records of Aadhar, PAN, License and Election ID spelling of my name is "Pooja Sahu' D/o Rakesh Sahu R/o Ramleela Road, Sewak Sadan, Banda 210001 (U.P.) So it may please be noted in my High school of U.P. Board marksheet 2001 Roll No.-5186301 to name is misspelled as Puja Sahu.

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बुद्धिराम से बदलकर बुद्धिराम यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–बुद्धिराम यादव पुत्र लालचन्द यादव, निवासी– ग्राम काशीपुर, पोस्ट– जोगिया बुजुर्ग, थाना– रुद्रपुर, जिला देवरिया**

सूचना
सूचित हो कि मैं **विश्वेन्द्र सिंह पुत्र श्याम बिहारी सिंह, निवासी–551क/जी 055, आजाद नगर रोड, आलमबाग लखनऊ,** मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नं0–1131034 वर्ष 2011 तथा इण्टरमीडिएट का अंक पत्र रोल नं0–0936012 वर्ष 2013 का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना
सूचित हो कि मेरे आर्मी के रिलेशन सर्टिफिकेट / सर्विस बुक नम्बर 15684447K रैंक SIGMN -Name-Rajiv में मेरी पत्नी का नाम शुधा (Shudha Devi ) लिखा है जो गलत है जबकि सही नाम सुधा देवी (Sudha Devi) है। मेरी पत्नी का नाम सुधा देवी (Sudha Devi) पढ़ा व जाना जाये। – **राजीव पुत्र अरविंद सिंह, नि0–नवीन बस्ती पूर्वी बिधूना, थाना–बिधूना, तहसील–बिधूना, जनपद –औरैया**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वर्ष 2014 हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 1326388 व वर्ष 2016 इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1010181 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **आकाश वर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी–पटेल नगर पूर्वी कस्बा व थाना माधौगंज हरदोई।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैने अपना नाम शादाब के स्थान पर शादाब सिद्दीकी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–शादाब सिद्दीकी पुत्र सहिद अली ग्राम परेवाटार, पोस्ट अहिरौली बाजार, थाना कसया जिला कुशीनगर।**

# आचार संहिता के उल्लंघन में सपा नेता मनोज दीक्षित पर रिपोर्ट दर्ज

## अखिलेश यादव की सभा के दौरान मंच से किया था आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ किया था अभद्र भाषा का प्रयोग
- लोगों को जाति के आधार पर उकसाने का भी आरोप


मनोज दीक्षित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आचार संहिता उल्लंघन में सदर कोतवाली में पहला मामला सपा नेता पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में उनके मुंह से विवादित बोल को आधार बनाया गया है। हालांकि प्रकरण में गिरफ्तारी का कोई प्रावधान नहीं है।

बता दें कि दो अप्रैल मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में सभी बूथ, सेक्टर, जोन प्रभारियों समेत कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसके मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव थे। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश की मौजूदगी में सपा नेता व इत्र उद्यमी मनोज दीक्षित ने मंच से अपने संबोधन में सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान वे इतने उत्तेजित हो गए कि बोल बैठे कि मां की कसम खाता हूं, तेरे टुकड़े टुकड़े न करा दिये तो मनोज दीक्षित नहीं .....की औलाद समझना'। इस कथन से असहज हुए एक अन्य सपा नेता ने हस्तक्षेप किया तो बात संभाली कि वोटों से टुकड़े टुकड़े न करा दिये...। तब तक उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए वीडियो सर्विलांस टीम ने मंगलवार को ही देर रात कोतवाली में तहरीर देकर आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें सपा नेता मनोज दीक्षित द्वारा विपक्षी पार्टी के वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक को दारूबाज कहना व टुकड़े-2 करने जैसे शब्दों से व्यक्तिगत एवं आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया गया है। साथ ही लोगों को जाति के आधार पर वोट देने को उकसाने का भी उल्लेख है।

हालांकि इस संबंध में गिरफ्तारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत शुक्ल का कहना है कि चार साल से कम सजा के मामले में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

### असीम अरुण ने भी दी तहरीर

**कन्नौज।** सपा नेता मनोज दीक्षित के आपत्तिजनक भाषण को लेकर सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने भी सदर कोतवाली में तहरीर दी है। इसमें भाषण के अंशों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके इन बयानों को मीडिया द्वारा भी रिकार्ड किया गया है। कहा कि उनका कथन सांसद को जान से मारने की धमकी की श्रेणी में आता है तथा अनुसूचित जाति के सदस्यों को अपमानित करने के लिए जातिसूचक गाली दी गई। लिखा है कि वे कन्नौज सदर से विधायक हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि वे क्षेत्र के सभी निवासियों के सम्मान की रक्षा करें। उनकी तहरीर को विवेचना में सम्मिलित किया जाए। कहा है कि उन्हें शक है कि यह अपराध अखिलेश यादव के निर्देश पर हुआ है क्योंकि जब दीक्षित अपमानजनक शब्द कह रहे थे तब वे बैठे मुस्कुरा रहे था। यही नहीं उन्होंने अपने संबोधन में न तो इसके लिए माफी मांगी और न ही आलोचना की। उधर, सांसद सुब्रत पाठक ने एक प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर भी रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। उनका कहना था कि अखिलेश के इशारे पर ही उन्हें धमकी दी गई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला निर्वाचन अधिकारी को दिया ज्ञापन

कार्यकर्ता सम्मेलन में एक सपा नेता द्वारा दिए गए आपत्तिजनक भाषण को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने साथियों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम रामकेश सिंह को सौंपा। इसमें कहा कि उनके द्वारा भरी भीड़ में सांसद सुब्रत पाठक के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। अखिलेश यादव द्वारा चुनाव के दौरान धन व बाहुबल से अराजकता फैलाने का कुत्सित प्रयास किया जा सकता है। साथ ही भाजपा प्रत्याशी पर चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा जानलेवा हमला किया जा सकता है। मांग की कि सांसद को समुचित सुरक्षा प्रदान की जाए।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर रैली निकाली



आरुषि यादव ने बनाई पेंटिंग।

**कन्नौज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया। उसके बाद छात्राओं ने संचारी रोग नियंत्रण पर पोस्टर बनाए और उसे लेकर जागरुकता रैली निकाली। भट्टा गांव के पास प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. विष्णु कांत गुप्ता व आकाश गुप्ता ने लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर सस्मित द्विवेदी, संदीप शर्मा, रचना वर्मा, राजकुमार, अनिल मौर्य, वीना मुलजानी आदि मौजूद थे।

# मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्राथमिक स्कूल चौकी मुस्तफाबाद में छात्र-छात्राएं सम्मानित किए गए
- समाजसेवी ने अभिभावकों से की बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील


छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित करतीं डॉ. प्राची गुप्ता, साथ में प्रसेनजीत, स्नेहलता, सर्वेंद्र, राजीव व गोपाल गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक कन्नौज क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल चौकी मुस्तफाबाद में छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाने के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। कक्षा एक में पहला स्थान पाने वाले युवराज, द्वितीय दिव्या व तृतीय अनेक प्रताप, कक्षा दो में शगुन को पहला, काजल को दूसरा, सूरज को तीसरा स्थान मिला। कक्षा तीन में पल्लवी को पहला, तान्या को दूसरा व पूर्वी को तीसरा, कक्षा चार में नितिन को पहला, रोली को दूसरा व खुशबू को तीसरा स्थान मिला। कक्षा पांच में राधिका को प्रथम, अर्पित को द्वितीय व अर्शबाबू को तृतीय स्थान मिला। उभरता सितारा पुरस्कार कक्षा एक के छात्र विशाल कुमार को दिया गया। बागवानी समिति में छात्र अभय, अनमोल, शुभ, सूरज व अर्श बाबू को मेडल देकर सम्मानित किया गया। बतौर अतिथि कार्यक्रम में पहुंचीं समाजसेवी डॉ. प्राची गुप्ता ने अभिभावकों से कहा कि सरकारी स्कूलों पर भरोसा करें। सबसे अच्छे, शिक्षित अध्यापक सरकारी संस्थानों में ही हैं। बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए भी उन्होंने प्रेरित किया। इस मौके पर एआरपी प्रसेनजीत वैस, सर्वेंद्र दुबे, राकेंद्र सक्सेना, अरशद अली, राजीव पटेल व यूपीएस हैवतपुर कटरा की सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी मौजूद रहीं। संचालन सहायक अध्यापक गोपाल गुप्ता ने किसा। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुशील वर्मा, पुष्पलता झा व रीना कुशवाहा मौजूद रहीं।

## फायर करने के आरोपी को पकड़ा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** 31 मार्च की देर शाम ग्राम विशंभरपुर निवासी सौरभ राजपूत दरवाजे पर टहल रहा था। तभी युवक ने जान से मारने की नीयत से उस पर फायर कर दिया था। इससे युवक गंभीर से घायल हो गया था। घायल के भाई सुनील राजपूत ने कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम मलिकपुर में छापेमारी कर मामले में वांछित फर्रुखाबाद थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम इन्दरपुर निवासी धीरज राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद कर आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप


बाल श्रमिकों से पूछताछ करती श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील।

### अभियान चलाकर तीन बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**गुरसहायगंज।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ नगर में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया। इसमें गैरिज में काम कर रहे तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर दुकानदार को चेतावनी दी। बुधवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील ने कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह व टीम के साथ नगर के जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड पर अभियान चलाया। फर्रुखाबाद रोड स्थित ऑटो गैरिज व बर्तन भंडार की दुकान पर छापेमारी की। तीन बाल श्रमिकों को कार्य करते हुए पाया। उन्हें मुक्त कराया और दुकानदार को बाल श्रम न कराने की चेतावनी दी। कहा कि बाल श्रम न सिर्फ कानूनन अपराध है बल्कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ भी है। अभियान को देख कई दुकानदारों ने बाल श्रमिकों को दुकान से भगा दिया। इस दौरान जयप्रकाश, शैलेन्द्र कुमार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


नि:शुल्क शिविर में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### नियमित योग से शरीर होगा निरोगी

**गुरसहायगंज।** योग न सिर्फ हमारे जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि वर्तमान समय में बढ़ रही बीमारियों की रोकथाम के लिए जरूरी है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। योग के द्वारा मानसिक शांति मिलती है और पूरे दिन उर्जावान रहते है। प्रत्येक व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए। यह विचार योगाचार्य कुलदीप प्रजापति ने व्यक्त किए। नगर के जीटी रोड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन के पीछे आठ दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन नगर सहित क्षेत्र के लोग योग आसानों और प्राणायाम को सीखकर शरीर को निरोगी और ऊर्जावान बनाने का कार्य कर रहे है। योगाभ्यास कर रहे ऋषी दीक्षित ने बताया कि लोगों के जीवन में योग को शामिल कराने के लिए योगाचार्य द्वारा निशुल्क योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान सुरेश यादव, ऋषी दीक्षित, श्री प्रकाश मिश्रा, कृष्णा बाबू द्विवेदी, आजाद गुप्ता, जितेंद्र राठौर, संतोष शर्मा, राजेश गुप्ता, हरीओम गुप्ता, कमल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएमओ ने किया उपकेंद्र का औचक निरीक्षण

**जसोदा, कन्नौज।** डिप्टी सीएमओ महेंद्रभान सिंह व यूनिसेफ के डीएमसी राजीव चौहान ने बुधवार की दोपहर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जसोदा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचओ उपकेंद्र पर मौजूद नहीं थे। इस पर डिप्टी सीएमओ ने जलालाबाद सीएचसी प्रभारी मनोज कुमार से फोन पर जानकारी ली। पता चला कि वह सरकारी कार्य से डीपीएम ऑफिस कन्नौज गए हैं। डिप्टी सीएमओ ने आशा डायरी, टीकाकरण ड्यू लिस्ट देखी और एएनएम की ड्यू से मिलान किया। इस दौरान एएनएम खुशबू शर्मा, आशा नीतू तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री अवधेश कुशवाहा, आगनवाड़ी सहायिका विद्यावती आदि मौजूद रही।


उपकेंद्र का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ।

## बैंक मैनेजर को धमकाने पर संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- जान से मारने की धमकी, पांच पेपर चोरी करने का आरोप

**अमृत विचार।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर को जान से मारने की धमकी एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई आरोपों पर संबंधित पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर दीपू ने कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है कि राजेश सिंह चौहान पुत्र नरेंद्र सिंह चौहान निवासी मोहल्ला बस्तीराम ने 27 व 28 मार्च को ऑडिट के दौरान फ़ाइल से पांच पेपर चोरी कर लिए और कुछ ग्राहकों के पेपर फाड़ दिये। 28 मार्च को शाखा का पूरा वीडियो बनाया गया, हो सकता कि चोर ग्रुप को इनके द्वारा वीडियो साझा किया जाए जिससे भविष्य में कोई भी दुर्घटना घट सकती है। आरबीआई के निर्देशानुसार बैंक में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है। उनको धमकी दी कि अगर लोन नहीं करोगे तो कार से टक्कर मार कर जान से मार दूंगा और पैसा छीनकर ले जाऊंगा। कोई रोक नहीं सकता और बैंक में आग लगा दूंगा। शाखा में सभी स्टाफ और ग्राहकों के सामने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। आए दिन शाखा में सभी स्टाफ को भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी दे रहा है। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। कहा कि एक अप्रैल को शाखा का वार्षिक लेखाबन्दी का नोटिस फाड़कर वह साथ ले गया। यदि किसी स्टाफ के जानमाल को कोई हानि होती है तो उसका जिम्मेदार राजेश चौहान होगा। मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# परिवार सोता रहा, चोर समेट ले गए सामान

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार


जीने की कटी दीवार जहां से चोर घुसे। अमृत विचार

- छत पर पहुंचने के बाद जीने की दीवार काटकर घर में घुसे

**अमृत विचार।** मोहल्ले में एक परिवार सोता रहा और मंगलवार की रात घर में घुसे चोरों ने नगदी समेत जेवर पार कर दिए। घटना को अंजाम देने के लिए छत के रास्ते पहुंचे चोरों ने जीने की दीवार काट दी। सुबह गृहस्वामी जब सोकर उठा, तब चोरी का पता चला ।

कस्बे के विधईपुर्वा रानी अवंतीबाई नगर निवासी रिंकू राजपूत पुत्र धनीराम तहसील में अधिवक्ता हैं। वह पत्नी और बच्चे साथ रहते है। मंगलवार की देर रात वह परिवार के साथ खाना खाकर कमरे मे सोने चले गए। रात में किसी तरह से चोर छत पर पहुंच गए। यहां जीने की दीवार काटकर घर के अंदर उतर गए। कमरे में जाकर अलमारी मे रखे 80 हजार रुपये नगद, उनकी अंगूठी व पत्नी के जेवरात चोरी कर लिए। वह जब सुबह उठा और मकान के अदंर सामान बिखरा देखा तो चोरी का पता चला। जब ऊपर जाकर देखा तो जीना कटा हुआ था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ की। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### महीने भर में चौथी चोरी से पुलिस के प्रति आक्रोश

**तिर्वा।** कस्बा क्षेत्र में महीने भर में चौथी चोरी की घटना होने से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। 17 मार्च की रात अन्नपूर्णा नगर निवासी पूनम पत्नी रूप सिंह के घर में घुसे चोर नगदी व जेवरात चोरी कर ले गए थे। 18 मार्च को भुगैतापुर गांव निवासी राजीव पुत्र विश्राम के घर के ताले तोड़कर चोरी की घटना हुई। 21 मार्च को पुलिस चौकी पास स्थित कस्बे के गांधीनगर निवासी जितेंद्र सिंह की आभूषणों की दुकान के ताले तोडकर चोरों ने एक किलो चांदी व 50 ग्राम सोने के आभूषण चुरा लिए। पुलिस ने सभी घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन अब तक एक भी मामले का खुलासा नहीं हुआ। अब यह चौथी चोरी हो गई। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# ब्रज के होली गीतों ने लुभाया मन

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज


होली मिलन समारोह में वरिष्ठ नागरिक समिति के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय कंपोजिट विद्यालय में आयोजित वरिष्ठ नागरिक समिति के होली मिलन समारोह में ब्रज के होली गीतों पर श्रोता झूम उठे।

सेवानिवृत शिक्षक गिरीश चंद्र ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत सिंह प्रजापति ने आगन्तुकों का तिलक वंदन किया। सभी ने फूलों की होली खेली। गिरीश चंद्र ने ब्रज का होली गीत, भारत सिंह प्रजापति ने देवर भाभी का होली गीत, रामप्रकाश शाक्य बेफिकर ने मधुर रसीला होली गीत और बालिस्टर सिंह यादव ने शिक्षाप्रद गीत प्रस्तुत किया। विनोद कुमार दुबे ने सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि समस्त पेंशनर को जिला कोषागार अधिकारी पेंशन शीघ्र वितरित करने की व्यवस्था करें।

संचालन कर रहे राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक भारत सिंह ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार जताया। पूर्व प्रधानाचार्य लज्जाराम वर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राजकिशोर द्विवेदी, जीवालाल, सिया सिंह पाल, महावीर प्रसाद गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता, आसाराम यादव, मुरली सिंह, सियाराम पाल, नरेश चंद्र दुबे, इंद्रपाल सिंह, अजय द्विवेदी, लाखन सिंह ओम प्रकाश राठौर व रामनारायण आदि लोग मौजूद रहे।

## खाद्यान्न की कालाबाजारी कोटेदार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** खाद्यान्न की कालाबाजारी पाए जाने पर डीएम ने राशन दुकान निलंबित कर दी है। घोटाला करने वाले कोटेदार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

डीएम के आदेश से सदर कोतवाली में पूर्ति निरीक्षक सदर अंकित अग्रवाल ने सदर ब्लाक क्षेत्र के गांव तिखवा के राशन कोटेदार सलमान खां पुत्र सहाबुद्दीन के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि वह कार्ड धारकों को राशन नहीं देता है। इस शिकायत पर नायब तहसीलदार सदर व पूर्ति निरीक्षक सदर से जांच कराई गई तो मामला सही पाया गया। बताया गया कि कोटेदार ने मार्च का राशन नहीं बांटा। यही नहीं माह फरवरी में कोटेदार ने कार्ड धारकों से अंगूठा तो लगवा लिया पर राशन नहीं दिया। इस संबंध में गांव के अफरोज खां, ओम प्रकाश, सावित्री, सुभाष चंद्र, रफी, जैनून, शहनूर, अजरुद्दीन, हरी शंकर, रामवीर, चांद बाबू, संजीव, चंद्र प्रकाश, महमूद, साविर, अबुल हसन समेत कई लोगों के बयान लिये गये तो सभी ने बताया कि कोटेदार अंगूठा लगवाने के बाद यह कह कर लौटा देता है कि अभी सर्वर नहीं चल रहा, लोगों को राशन न देकर खुद हजम कर रहा है।

## युवक ने महिला से की छेड़खानी

**सौरिख।** गांव का युवक घर से दूध लेने के लिए गया और घर में महिला को अकेली पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो युवक मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने घर पर थी। उसी समय गांव का ही रहने वाला धर्मेंद्र पुत्र विशंभर दयाल राठौर दूध लेने पहुंचा। वह घर में घुस आया और अकेला देखकर महिला से छेड़खानी करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो वह भाग गया। परिजनों की सूचना पर आई पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और थाने ले आई। रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया।

राजनीति | अधिकांश वक्ताओं ने पार्टी मुखिया को बिरादरी के वोट का दिया भरोसा

# सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में जातीय गणित पर दिखा जोर

इरा अवस्थी, कन्नौज

- दलों में किसी भी तरह वोटों का आंकड़ा साधने की होड़
- दूसरे दलों में सम्मान न मिलने की बात कह निकाली भड़ास



**अमृत विचार।** 'धर्म और राजनीति', यह गठजोड़ हमेशा ही रहा है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में भी यह गठजोड़ पूरी मजबूती से दिखाई दिया। विभिन्न वर्गों से आए वक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को कन्नौज से जिताने में बिरादरी का वोट बढ़ चढ़कर दिलाने का भरोसा दिलाया। करीब चार घंटे की सभा में अधिकांश लोग अपनी जाति का वोट दिलाने पर जोर दे रहे थे।

राजनीति में धर्म का समावेश अनादि काल से रहा है। धर्म के बाद अब यह दौर है विभिन्न जातियों को भी समावेशित कर राजनीतिक गणित बैठाने का। चूंकि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तो दलों में भी किसी भी तरह से वोटों का आंकड़ा साधने की होड़ जारी है। राजनीति का कोई चरित्र नहीं होता है। सो कब किस करवट ऊंट बैठ जाए कहा नहीं जा सकता। इसमें कोई न तो स्थायी दोस्त है और न ही दुश्मन। जिसका हित न सधा वह पाला बदलने में देरी नहीं करता। फिर नए घर में नए मुखिया का गुणगान शुरू हो जाता है। सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिकांश वक्ताओं ने अपनी बिरादरी के दूसरे दलों में हुए अपमान की बात कह अधिक से अधिक वोट देने व दिलाने की बात से राष्ट्रीय अध्यक्ष को खुश किया।

मंच पर पहुंचे स्थानीय ब्राह्मण नेता व इत्र उद्यमी ने पार्टी का जीवन भर साथ देने की कसम खाते हुए भरोसा दिलाया कि 'अध्यक्ष जी, ब्राह्मण सपा को वोट देता है लेकिन खुलकर नहीं आ पाता है। डरता है कि ऐसा होने पर उस पर मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा।' हाल ही में भाजपा छोड़कर सपा में आए लोधी नेता ने लोधी-राजपूत का सम्मान सपा में सुरक्षित बताकर भारी तादाद में वोट मिलने की बात कही।

इसी तरह से बिधूना की विधायक रेखा वर्मा ने सांसद के उस वायरल वीडियो का उल्लेख किया जिसमें वे कहते सुने गए थे 'वोट मिला नहीं, खरीदा था महाराज'। आक्रोश जताते हुए कहा कि बिरादरी का वोट बिकाऊ नहीं है। इसी तरह से तीन बार सांसद रहे वयोवृद्ध सपा नेता छोटे सिंह यादव ने भी मंच से बिरादरी समेत जनता का वोट मिलने व ऐतिहासिक जीत होने की बात कही। मंच पर पहुंचे पूर्व माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री विजय बहादुर पाल के पुत्र अनिल पाल ने भी हुंकार भरी और बिरादरी के वोट दिलाने का भरोसा दिलाया।

निष्कर्ष यह कि जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारियों के इस सम्मेलन के जरिये राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आने वाले चुनाव में पार्टी की स्थिति की थाह ली। साथ ही आसपास के जिलों से आए लोगों ने अपने वक्तव्य में जातिगत वोटों पर ज्यादा जोर दिया। कुल मिलाकर सपा के परंपरागत वोट यादव, मुस्लिम के अलावा लोधी-राजपूत, पाल, बंजारा समाज का उल्लेख करते हुए जिताने का भरोसा दिलाया गया।

यह बात अलग है कि अभी भी प्रत्याशी को लेकर सस्पेंस कायम है लेकिन मंचीय उद्बोधन में समर्थक नेताओं और पदाधिकारियों ने अखिलेश को भारी बहुमत से जिताने की बात कहकर अप्रत्यक्ष अपील कर डाली।


आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए 141 बूथों पर होगी मेहनत

## वर्ष 2019 के लोकसभा के चुनाव में 50 फीसदी से कम हुआ था मतदान, कार्मिकों को मिलेगा 12 क प्रपत्र, चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट भी जारी होगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कन्नौज में वर्ष 2019 के चुनाव में 141 बूथ ऐसे हैं, जहां 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अफसर-कर्मी खास कसरत करेंगे। स्वीप के तहत कार्यक्रम भी कराए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने 13 मई को होने वाले मतदान में प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अपने कार्यालय मं अधिकारियों के साथ चर्चा की। बताया गया है कि छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के 93 बूथ ऐसे हैं, जहां 50 फीसदी से कम वोट पड़े थे। इसी तरह तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में 30 व कन्नौज सदर इलाके में 18 बूथों पर वोट प्रतिशत 50 भी नहीं पहुंच सका। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव को लेकर कई वीवीआईपी हेलीकॉप्टर से आएंगे, उसको लेकर जगह तय कर ली जाए। उड़नखटोला उतरने के लिए बिजली, फायर एनओसी पर भी चर्चा की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह को निर्देश दिए गए कि जो भी मोबाइल टीमें गठित हुईं हैं, उनको सक्रिय किया जाए। इसके अलावा मतदान कार्मिकों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी) के लिए 12क प्रपत्र जरूर दिया जाए। उसे भरकर मतदान के प्रशिक्षण में जमा किया जाए। जिस बूथ पर मतदानकार्मिक ड्यूटी करेंगे, वहीं पर उनको वोट करने की सुविधा मिलेगी।

इस मौके पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार, डीडी कृषि प्रमोद सिरोही व जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह मौजूद रहे।



कार्यालय में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल व अन्य अधिकारी।

### लोकसभा चुनाव : 2600 लोगों पर शातिभंग की कार्रवाई

**तिर्वा, कन्नौज।** चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता न फैले इसको लेकर पुलिस आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिह्नित कर रही है। इस क्रम में अब तक 2600 लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। इसमें से करीब 742 आरोपियों ने एसडीएम न्यायालय जाकर पाबंदी की कार्रवाई करा ली। इसके साथ ही पुलिस ने 17 लोगों को पकड़कर उनसे करीब 266 लीटर अवैध शराब बरामद की। सात को तमंचा समेत पकड़कर जेल भेज दिया। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि शातिभंग में आपराधिक तत्वों को पाबंद किया जा रहा है। चुनाव के दृष्टिगत आपराधिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

### तहसील सदर में खुला कंट्रोल रूम, 24 घंटे ड्यूटी

**कन्नौज।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर सदर तहसील परिसर में कंट्रोल रूम खोल दिया गया है। इसमें छह राजस्व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बताया गया है कि ड्यूटी 24 घंटे चलेगी। कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग आफीसर/ एसडीएम अविनाश गौतम ने बताया कि सुबह आठ से शाम चार बजे तक राजस्व निरीक्षक ब्रजनंदन सिंह व रक्षपाल ड्यूटी करेंगे। शाम चार से रात 12 बजे तक संग्रह अमीन करन व संग्रह अनुसेवक अजीत और रात 12 से सुबह आठ बजे तक संग्रह अमीन मनोज व अनुसेवक विवेक को कंट्रोल रूम की ड्यूटी की जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9651929977 पर जो भी शिकायतें आएंगी, उसे रजिस्टर पर दर्ज किया जाएगा। उसके लिए निर्धारित प्रारूप भी जारी हो गया है। इसकी जानकारी एसडीएम व तहसीलदार को दी जाएगी।

### चुनाव ड्यूटी को लेकर महिला शिक्षक संघ डीएम से मिला

**कन्नौज।** महिला शिक्षक संघ ने जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मिलकर समस्याओं से ग्रस्त कर्मियों को लोकसभा क्षेत्र के चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग रखी। संघ की जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया ने इसको लेकर सात बिंदुओं का मांग पत्र भी सौंपा।

इसमें कहा गया है कि असाध्य रोगों से पीड़ित, गर्भवती, छोटे बच्चों की माताएं, 58 वर्ष से अधिक के कार्मिक व एकल महिला अभिभावकों को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। डीएम ने आश्वासन दिया कि मांगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास कुमारी दीक्षित, उपाध्यक्ष शैली मिश्रा, संयुक्त मंत्री रश्मि द्विवेदी, मंत्री सरिता गौतम, मीडिया प्रभारी रेनू कमल व स्नेहलता द्विवेदी मौजूद रहीं।



जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल से बात करतीं महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# मास्टर ट्रेनरों का परिणाम जारी, कई अव्वल तो कुछ फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण के साथ हुई थी परीक्षा
- ईवीएम, वीवीपैट, प्रक्रिया व प्रपत्र का हुआ था मूल्यांकन

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों को अहम जिम्मेदारियां दी गईं हैं। 18 अप्रैल से शुरू होने वाले मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में उनको बारीकियां मास्टर ट्रेनर ही बताएंगे। इससे पहले ट्रेनरों का इम्तिहान लिया गया। जारी हुए परिणाम में कई लोग अव्वल तो कुछ फिसड्डी भी आए हैं।

दो अप्रैल को कलक्ट्रेट सभागार में ईवीएम व वीवी पैट और प्रपत्र व प्रक्रिया के मास्टर ट्रेनरों का मूल्यांकन किया गया है। एक परीक्षा 30 अंकों की थी। दूसरी 50 नंबरों की। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो जिन मास्टर ट्रेनरों ने परीक्षा दी थी, उनके पास परिणाम की सूची भेजी गई है। पूर्णांक 30 में पूरे अंक पाने वाले एसआरजी संजीव कटियार, शिक्षक उत्कर्ष प्रताप सिंह, एआरपी राकेंद्र सक्सेना, सहायक अध्यापक गौरव सिंह, आलोक सिंह, अनुराग मिश्र, हर्षित दीक्षित, ऋतम चतुर्वेदी, आकाश मिश्रा, उपेंद्र सिंह भदौरिया, पूनम पांडेय, गोपाल गुप्ता, स्मिता त्रिपाठी, नैमिष द्विवेदी व गुंजन भदौरिया हैं। सबसे कम 26 अंक पाने वालों में प्रधानाध्यापक पूजा पांडेय, 28 नंबर पाने वालों की श्रेणी में शिवकुमार, लता कुमारी, संदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार व रेनू कमल हैं।



इसी तरह प्रक्रिया व प्रपत्र की 50 अंकों की परीक्षा में सबसे अधिक 49 अंक पाने वाले एआरपी प्रसेनजीत वैस, प्रधानाध्यापक रश्मि द्विवेदी, एआरपी राजीव कुमार, शिक्षक रामेंद्र पाल, श्यामल शर्मा व रामरतन सिंह हैं। सबसे कम 40 अंकों पाने वालों में प्रधानाध्यापक सरिता गौतम व सुरजीत हैं। 43 नंबरों की सूची में एसआरजी विकास कुमारी दीक्षित व सहायक अध्यापक रंजना सिंह और 44 अंक अनीता शुक्ला के हैं। सतेंद्र यादव व राधा पांडेय के 45-45 नंबर हैं।

### बूटों की धमक से अपराधियों में भय व्याप्त

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोक सभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए पुलिस व असम राइफल्स टीम ने नगर सहित क्षेत्र में रूटमार्च किया। बुधवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने पुलिस व असम राइफल्स टीम के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, फर्रूखाबाद रोड आदि स्थानों पर भ्रमण किया। इस दौरान जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाकर निडर होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, एसआई विनय शर्मा, चन्द्रभान सिंह, राहुल कुमार, राजेश प्रताप सिंह, नीरज शर्मा, रावेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं को पहचान के लिए दिए जाएंगे 13 विकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मतदाता सूची में शामिल वोटर नहीं रहेगा मताधिकार से वंचित

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन पहचान के लिए 13 विकल्प दिए गए हैं, जिनकी जानकारी पीठासीन अधिकारियों को दी जाएगी। कोई एक पहचान पत्र दिखाने पर वोट डालने दिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने यह व्यवस्था की है कि कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान 13 मई को मतदान किया जाएगा। पोलिंग बूथ पर मतदाताओं को एक पहचान पत्र दिखाना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 13 विकल्प निर्धारित किए हैं, जिनमें से किसी एक को दिखाना होगा। पोलिंग बूथ पर यदि कोई अभिकर्ता आपत्ति नहीं करता है तो उसे वोट देने का अवसर दिया जाएगा। पहचान पत्र के माध्यम से फर्जी वोटिंग नहीं हो सकेगी और असली मतदाता ही वोट डाल पाएगा। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारियों व मतदान कार्मिकों को इस बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### ये हैं 13 विकल्प

आधारकार्ड, फोटोयुक्त वोटर कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक, ई-श्रमकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर विभाग का पैनकार्ड, पासपोर्ट, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सेवा पहचान पत्र, सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड।

# साइबर क्राइम रोकने को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत पुलिस लोगों को इस तरह के अपराधों से कैसे बचें इस बारे में जानकारी दे रही है।

बुधवार को एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह की अगुवाई में पुलिस ने कोतवाली आने वाले व रास्ते से निकल रहे लोगों को रोक-रोक कर साइबर अपराधों से बचने के तरीके बताते हुए जागरूक किया। यही नहीं पंफ्लेट देकर साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी गई। बताया गया कि साइबर अपराधी लाटरी, एनी डेस्क एप, टीम व्यूवर, एसएमएस फावर्डिंग एप, लोन एप, फेक कस्टमर केयर नंबर समेत अन्य माध्यम से ठगी करते हैं। जरा सी सतर्कता आपको आर्थिक नुकसान से बचा सकती है। बताया कि ठगी से बचने के किसी तरह की लिंक को खोलने से बचें। अपनी निजी जानकारी किसी अनजान को किसी भी सूरत में न दें। बैंक खाते से संबंधित जानकारी देने से भी बचें। साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्पलाइन नं 1930 पर दें, जिससे ठगी में गये रुपये वापस दिलाने व अन्य रुपये को बैंक खाते से निकालने से रोका जा सके।



सदर कोतवाली में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक करते कोतवाल दिग्विजय सिंह व अन्य पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- घटना होने पर तत्काल दें साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 पर सूचना

### पालिका के खिलाफ दूसरे दिन भी सभासद का धरना जारी रहा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अपने वार्ड की सात समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर सभासद का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं ईओ सुनील कुमार ने एक समस्या का समाधान कर दिया है। चार समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द कराने के साथ दो का निस्तारण आचार संहिता के बाद किए जाने का भरोसा दिलाया।

वार्ड नंबर 24 पंतनगर के सभासद प्रदीप सिंह चौहान (अजय) दूसरे दिन भी धरना पर बैठे रहे। ईओ ने बताया कि वार्ड में लगा खराब फ्रीजर सही कर दिया गया है। बाकी अन्य चार समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कर दिया जाएगा। दो समस्याएं आचार संहिता खत्म होने के बाद ही दूर की जा सकेंगी।

# दो शिक्षक मास्टर ट्रेनरों को ड्यूटी से हटाया गया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया संशोधित आदेश
- बेसिक शिक्षा विभाग से दो नए अध्यापकों को मिली जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा महकमे के 60 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें कुछ ऐसे भी हैं जो पूर्व में निलंबित किए जा चुके हैं। फिलहाल उनको चुनाव के प्रशिक्षण देने की बड़ी जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर दूसरे अध्यापकों को ड्यूटी दी गई है। इसका संशोधित आदेश उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया है।

बुधवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने जारी किए आदेश में कहा है कि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए छह व आठ फरवरी को 60 मास्टर ट्रेनरों को तैनात किया गया था। आगे कहा, बीएसए उपासना रानी वर्मा ने तीन अप्रैल को पत्र भेजा, उसमें प्राथमिक विद्यालय टिडियापुर के सहायक अध्यापक पंकज भदौरिया व उच्च प्राथमिक विद्यालय गोवा के सहायक अध्यापक आशीष मिश्रा के निलंबित होने की वजह से दूसरे शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का अनुरोध किया।

इसका संज्ञान लेते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने क्रमशः प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा के सहायक अध्यापक अनुराग शुक्ला व प्राथमिक स्कूल अनौगी द्वितीय के सहायक अध्यापक रोहित द्विवेदी को मास्टर ट्रेनर की जिम्मेदारी दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश में कहा है कि नए मास्टर ट्रेनर पूरी लगन व निष्ठा के साथ जिम्मेदारी निभाएंगे। अगर लापरवाही बरती तो कार्रवाई होगी।

### कोटेदारों को सौंपी ई पॉस व ई वेईंग मशीन



कोटेदारों को ई पॉस व ई वेईंग मशीन सौंपते पूर्ति विभाग के अधिकारी।

**कन्नौज।** राशन वितरण प्रणाली को और बेहतर करने के लिये कोटेदारों को ई पॉस मशीन का वितरण किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को सदर तहसील में 22 कोटेदारों को ई पॉस मशीन के साथ ई वेईंग मशीन सौंपी गई। मंगलवार को सदर तहसील में आयोजित गोष्ठी के तहत सबसे पहले कोटेदारों को दी जा रही ई पॉस मशीनों के संबंध में जानकारी दी गई। इस के बाद 22 कोटेदारों को प्रथम चरण में मशीनें सौंपी गई। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, सलाम रजा, जिला समन्वयक दिग्विजय सिंह, ओयेशिश कंपनी के प्रशिक्षण मौजूद रहे।



महिला बंदियों से पूछताछ करतीं एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

## बंदियों ने पैरवी को मांगे सरकारी वकील

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज लवली जयसवाल ने बुधवार को अनौगी स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इसमें दो बंदियों ने अपने मामले की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता दिलाए जाने की याचना की।

एक बंदी ने बताया कि उसकी जमानत हो चुकी है लेकिन जमानतदार न होने के कारण जमानत नहीं भरा पा रहे है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदियों के रजिस्टर देखे और पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता देने के निर्देश दिए। एडीजे ने जिला कारागार में बैरकों, तथा महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर निवारण किए जाने की जानकारी दी। नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा ऐप डाउनलोड कर इसके लाभ के बारे में भी बताया गया।

# गर्मी शुरू होते ही दगा देने लगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विभाग अभी तक नहीं करा पाया क्षमता वृद्धि
- यही हाल रहा तो सूख जाएगी मक्का की भी फसल

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होते ही बिजली विभाग की मशीनें दगा देने लगी हैं। इससे उपभोक्ताओं को 13 से 14 घंटे ही बिजली मिल रही है। क्षमता वृद्धि न होने से आने वाले समय में और बिजली किल्लत होने की संभावना है। घरेलू ही नहीं निजी नलकूपों की आपूर्ति में भी कटौती की जा रही है। इससे किसानों की फसलने सूखने की नौबत आ गई है।

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। बिजली विभाग ने इससे निपटने की कोई तैयारी अभी तक नहीं की है। इससे खपत बढ़ने से मशीनें ओवरलोड होने लगी हैं। विभाग मशीनों को बचाने के लिये अभी से काट-काट कर बिजली देने लगा है। जहां शहर को 24 घंटे बिजली देनी है वहां 18 से 20 घंटे दी जा रही है।

इसी तरह गांव को 18 घंटे बिजली देनी है वहां 13 से 14 घंटे ही दी जा रही है। खास कर दिन में भारी कटौती की जा रही है। इसी तरह निजी नलकूप को 10 घंटे बिजली दी जानी है वहां पांच से छह घंटे आपूर्ति दी जा रही है।

इस व्यवस्था से लोग विभाग को कोसने लगे हैं। किसान राम प्रकाश का कहना है कि किसानों को 10 घंटे बिजली देने का आदेश शासन से हैं। विभाग इन आदेशों को नहीं मान रहा है। इससे खेत में खड़ी मक्का, मूंगफली समेत अन्य फसलें सूखने लगी हैं।

मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता बढ़ाने के लिये आया 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर पूरे वर्ष से रखा है। इसे स्थापित नहीं किया जा सका है।

अधिकारी इस काम में भी ढिलाई बरत रहे हैं। भीषण गर्मी में यदि क्षमता वृद्धि की गई तो लोगों को कटौती होने पर दिक्कत होगी। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि क्षमता बढ़ाने के लिये आये 60 एमवीए के ट्रांसफार्मर को स्थापित करने का काम जोरों पर चल रहा है। अप्रैल में इसे ट्रांसमिशन सेंटर में स्थापित कर दिया जायेगा। इसके बाद ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिल जायेगी।



मकरंदनगर ट्रांसमिशन सब स्टेशन में रखा 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### घर मे घुसकर महिला से मारपीट, धमकी

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के हुसैननगर निवासी ललिता पत्नी स्व .नीलेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 मार्च को घर पर अकेली थी। उसी दौरान गांव के ही दीपू पुत्र बचान सिंह, श्याम, कुंवर पुत्रगण पर्वत व हरिओम पुत्र कुवंर आए और मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के साथ आरोपियों ने खेत पर खड़ी फसल जलाने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**कन्नौज।** अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक स्कूल आसकरनपुर्वा में नामांकन मेला व स्कूल चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली। अधिक से अधिक नामांकन के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। ड्रॉपआउट बच्चों के प्रवेश पर भी बात हुई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सरिता गौतम, अमित श्रीवास्तव, पुष्पा, अरविंद कुमार, संदीप कुमार मौजूद रहे।

### मेडिकल स्टोर संचालकों का अस्पताल में प्रवेश वर्जित

**छिबरामऊ।** सौ शैय्या अस्पताल में मेडिकल स्टोर संचालकों की बढ़ती दखलंदाजी को सीएमएस ने गंभीरता से लिया है। इसी को लेकर उन्होंने स्टोर संचालकों व सुरक्षा कर्मियों के साथ बैठक ली। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों का बेवजह अस्पताल में प्रवेश वर्जित कर दिया है। बुधवार को सीएमएस डा. सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को अस्पताल के बाहर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को बुलाया। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी वार्ड सहित एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड कक्ष में मरीज के साथ कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक नहीं जाएगा। किसी प्रकार की बाहर की दवा मरीज को उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। अस्पताल में सभी दवाइयां उपलब्ध हैं। सुरक्षा गार्ड निर्धारित यूनिफार्म पहनकर ड्यूटी करेंगे। इससे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड व ओपीडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान क्वालिटी मैनेजर आशीष व हेल्प डेस्क मैनेजर अतुल मौजूद रहे।



सीएमएस ने मेडिकल स्टोर संचालकों को दी हिदायत।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**गुरसहायगंज।** बुधवार को ग्राम तेराजाकेट निवासी प्रभात कुमार दुबे बाइक से पत्नी नीलम दुबे के साथ गुरसहायगंज से बाजार कर घर लौट रहे थे। तभी तेराजाकेट मलिकपुर मार्ग पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दंपति घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के गांव पूरन नगला निवासी विश्वजीत पुत्र सुरेंद्र सिंह राजपूत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि विश्वजीत की शादी 5 वर्ष पूर्व दिबियापुर से हुई थी। एक वर्ष साथ रहने के बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी तब से वह बहुत परेशान रहता था। बुधवार की देर शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### कचरा निस्तारण केंद्र में लगी आग

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुर में नगर पालिका के बने वेट वेस्ट प्लांट में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचे पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे व ईओ सुनील कुमार सिंह का मानना है कि सुबह ट्रालियों द्वारा जो कूड़ा लाया गया उसमें पहले से आग लगी रही होगी। वह कूड़ा इसमें मिक्स हो गया और उसकी गर्मी के चलते आग पकड़ गई।

**आयोजन** बीआरसी उमर्दा में किया गया 15 पूर्व अध्यापकों का सम्मान, अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीरामचरित मानस व पौधे दिए गए

# सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज को शिक्षकों की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शिक्षकों की सेवाओं की जरूरत जीवनपर्यंत बनी रहती है भले ही वो विभाग से कार्यमुक्त (सेवानिवृत्त) हो जाएं। समाज मे उनकी भूमिका सदैव भी अपेक्षित रहेगी। यह बात बीईओ विश्वनाथ पाठक ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) उमर्दा परिसर में शिक्षकों को सम्मानित करने के दौरान कही।

बताया गया है कि वर्ष 2022 से 24 तक कुल तीन वर्षों में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान एवं आभार कार्यक्रम हुआ। इसमें उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के 15 पूर्व शिक्षक शामिल हुए। सभी को अभिनंदन पत्र, शॉल एवं श्रीरामचरित मानस देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय हरीपुर्वा के प्रधानाध्यापक प्रदीप राजपूत ने पौधे भेंट किए। आयोजन नीतेश सिंह, प्रमोद यादव, धर्मेंद्र यादव, सुरजीत सिंह, रॉबिन सिंह, अमनदीप, रोहित द्विवेदी, विश्वजीत, श्यामू यादव ने किया।



सम्मानित करने वाली टीम के साथ बीआरसी उमर्दा में मौजूद सेवानिवृत्त शिक्षक।

### बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कन्नौज।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुरैया बुजुर्ग में वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान पाने वाले छात्रों को परीक्षाफल और पुरस्कार बांटे गए। प्रधानाध्यापक पूनम तिवारी ने रसोइयों को साड़ी वितरित कीं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, एआरपी सर्वेंद्र दुबे, राकेंद्र सक्सेना, अरशद अली, राजीव पटेल ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर पूनम भदौरिया, खुशबू, नफीसुल हसन, अमित कुमार, शारदा मिश्र उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश पाठक ने की।

### इनका किया गया सम्मान

- उमेश चंद्र शुक्ला, यूपीएस महतेपुर्वा, ऊषा वर्मा, यूपीएस बेहरापुर, रमेश चंद्र यादव, यूपीएस गुनाह मड़ैया, ओमकार सिंह, यूपीएस मिरुअन मड़हा, रामनरेश यादव, पीएस बरेवा, शाहीन सुल्तान, यूपीएस बेहरापुर, उपेंद्र सिंह यादव, यूपीएस अलमापुर, सतीष चंद्र त्रिपाठी, यूपीएस कछपुरा, वसरुद्दीन, यूपीएस जैनपुर, सुशील चंद्र, केपीएस सिखवापुर, अनिल चतुर्वेदी, पीएस बलनपुर, कृष्ण तिवारी, यूपीएस तिजलापुर, सरनाम सिंह, पीएस खानपुर, गयाप्रसाद, यूपीएस बेहटा और दिनेश पाल, पीएस जनेशपुर।

### छात्रों का मोबाइल नंबर, स्कूल की वेबसाइट जरूरी

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने के दौरान ई-मेल आईडी व मोबाइल नंबर देने होंगे। अगर मोबाइल उनके पास नहीं हैं तो अभिभावकों का नंबर देना होगा। कहा गया है कि प्रवेश आवेदन पत्र पर इसका कालम होना चाहिए। जानकारी माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। साथ ही जिन विद्यालयों ने वेबसाइट नहीं बनवाई है, वह 20 अप्रैल तक जरूर बनवा लें। इसमें विद्यालयों की सभी सूचनाएं, पाठ्यक्रम, विषय, अध्यापक व छात्र-छात्राओं का ब्योरा आदि देंगे।

# पीआरडी जवानों से अवैध वसूली का आरोप

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला युवा कल्याण विभाग में पीआरडी जवानों से खाते में पारिश्रमिक भेजने के नाम पर वसूली हो रही है। अलग अलग संस्थाओं में ड्यूटी करने के बाद विभाग के खाते में जवानों का पारिश्रमिक भेज दिया गया। विभाग के खाते में रुपये आने के बाद भी जवान पारिश्रमिक के लिए कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं ।

बीएसएनएल, यातायात, कैंटूमैंट फतेहगढ़ आदि संस्थाओं का रुपया विभाग के खाते में भेजा जा चुका है। आरोप है कि कार्यालय के पीआरडी जवान खाते में रुपये भेजने के नाम पर वसूली कर अधिकारियों को देते हैं। नाम न छापने की शर्त पर विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि एक पीआरडी जवान यहां 20 वर्षों से व एक 5 वर्षों से कार्यालय में लगा है। जबकि अक्टूबर 2023 को सभी जवानों की ड्यूटी ऑनलाइन पोर्टल से लग रही है। इसके बाद भी अधिकारी कार्यालय में लगे दोनों

- वर्षों से एक स्थान पर ड्यूटी कर रहे हैं अधिकारियों के चहेते जवान



जवानों को कहीं और नहीं लगाते। कर्मचारी ने बताया कि कुछ ऐसे जवान है जिसकी पोर्टल से ड्यूटी लगी पर अभी तक इन लोगों ने कहीं आमद तक दर्ज नहीं कराई। विभाग में रहकर वसूली करते हैं। जबकि ड्यूटी न करने पर कार्रवाई करने का आदेश है। कुछ दिन पूर्व उदयवीर ने एक जवान पर 500 रुपए लेकर वेतन खाते में भेजने का आरोप लगाया था। दिसंबर में कैंट फतेहगढ़ में ड्यूटी करने वाले जवानों का वेतन विभाग को भेज दिया गया है। पर उसके बाद भी जवानों का वेतन खाते में भेजने के बदले प्रत्येक से दो हजार रुपए की मांग की जा रही है। सूत्रों की मानें तो जिला युवा कल्याण अधिकारी कमरे में आराम फरमाते रहते हैं । कार्यालय को दो पीआरडी जवान चला रहे हैं।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

मैं डेढ़ साल पहले यहां आया हूं। यहां की सब गड़बड़ी ठीक हो गई हैं। जिन पीआरडी के जवानों की ड्यूटी थानों में लगी है उनका पारिश्रमिक हर माह 7 तारीख तक उनके खातों में भेज दिया जाता है। बीएसएनएल से डेढ़ डेढ़ साल में पैसा आता है। बिजली विभाग से तीन तीन महीने बाद पैसा आता है। तो हर महीने कहा से भेज दिया जाए। जो भी आरोप है निराधार है। 450 पीआरडी के जवान है जिनमे पोर्टल पर 290 की ड्यूटी लगती है।

–**देवेंद्र कुमार**, जिला युवा कल्याण अधिकारी ,फर्रुखाबाद

## विद्यार्थियों और स्टाफ की हाजिरी होगी ऑनलाइन

**फर्रुखाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बुधवार को स्कूल प्रबंध समिति की बैठक हुई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने नवीन सत्र के प्रारंभ में हुए बदलाव की जानकारी अभिभावकों को देते हुए कहा कि बच्चों और स्टाफ की उपस्थिति आनलाइन भेजी जाएगी। स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण, मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम के बारे में भी बताया। गर्मी को देखते हुए स्कूल में फ्रिज लगवाया गया है। प्रधान प्रतिमा वर्मा, सूर्य कुमार वर्मा, खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, रामविलास, मुन्नालाल, भगवत दयाल, उमेश, माताराम, श्रीकृष्ण, ब्रजेश पेंटर, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी आशा, उमा, मेमवती व जयश्री आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों को मतदाता जागरुकता की शपथ भी दिलाई।

# सीटी स्कैन मशीन दोबारा से शुरू होगी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले तीन दिन से सीटी स्कैन मशीन खराब होने से सैकड़ो रोगियों को बिना सीटी स्कैन कारण वापस लौटना पड़ रहा है। बताते चले की 1 अप्रैल 2004 को सीटी स्कैन मशीन में खराबी आ गई। जिसकी वजह से किसी भी रोगी का सीटी स्कैन नहीं हो सका। 1 अप्रैल को दर्जन रोगी बिना सीटी स्कैन कराए वापस लौट गए। जिन्होंने निजी अस्पतालों में अपना सीटी स्कैन कराया ।2 अप्रैल को भी सिटी स्कैन मशीन खराब रही ।मरीज आते रहे और बिना सीटी स्कैन कराई वापस लौटते रहे। 3 अप्रैल यानी आज बुधवार को भी सीटी स्कैन मशीन ने काम नहीं किया ।दर्जनों मरीज सीटी स्कैन कराने आए लेकिन बिना सीटी स्कैन कराए वापस लौट गए। अगर सरकारी आंकड़ों को ही सही माना जाए तो सीटी स्कैन



खराब सीटी स्कैन मशीन को सही कर रहे इंजीनियर आनन्द मिश्रा। अमृत विचार

- लोहिया अस्पताल का मामला बुलाया गया इंजीनियर

प्रभारी चंदन चंदन सिंह बताते हैं कि 1 अप्रैल को 11 मारीज जाए ।और 2 अप्रैल को 10 मारीज जाए। 3 अप्रैल को अब तक तीन मरीज आ चुके हैं । इनका सीटी स्कैन नहीं हो सका। मशीन खराब है, जिस वजह से रोगियों को परेशानी हो रही है। सीटी स्कैन कराने आए पंजू खिरिया के रामनिवास ने बताया कि उनके बच्चे को काफी दिन से परेशानी है ।आज उसे डॉक्टर मनोज पांडे ने सीटी स्कैन के लिए लिखा। जब वह यहां आए तो सीटी स्कैन मशीन खराब मिली।

नतीजतन उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसी तरह से अन्य रोगियों का भी कहना है। उनका कहना है कि सीरियस हालत में ही डॉक्टर सीटी स्कैन के लिए एडवाइस करते हैं। इसके बाद भी मशीन खराब होने के बाद सीटी स्कैन नहीं हो पा रहे हैं ।तीन दिन तक मशीन खराब रहने के बाद अस्पताल प्रशासन ने औपचारिकता पूर्ण करने के लिए आज लखनऊ से इंजीनियर आनंद कुमार मिश्रा को बुलाया जो मशीन को ठीक करने में जुटे हुए हैं ।इंजीनियर आनंद कुमार मिश्रा का कहना है कि आज शाम तक मशीन सही हो जाना चाहिए। उनका कहना है कि इस तरह की मशीन बिगड़ने पर उन्हें ठीक करने में समय लग जाता है। वह पूरी तरह से सही करने में जुटे हुए हैं ।उन्होंने उम्मीद जताई की लोहिया अस्पताल में कल से सीटी स्कैन शुरू हो जाएंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजकुमार गुप्ता का कहना है कि सीटी स्कैन खराब होने की सूचना उन्हें जैसे ही मिली उन्होंने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित किया ।उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इंजीनियर को भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान मरीजों को अवश्य परेशानी हुई है। जिसका उन्हें खेद है।

# मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने गए डीएम ने ली जिम्मेदारों की क्लास

## डीएम, एसपी ने किया कायमगंज विधानसभा के मतदान केंद्रों का दौरा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने लोकसभा क्षेत्र के 192 विधानसभा कायमगंज के 07 पोलिंग सेंटर, 32 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय शमसाबाद में रैंप खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने रैंप सही कराने व रैंप पर रैलिंग लगवाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। जिलाधिकारी ने कक्षा 07 के बच्चों से गणित के सवाल हल कराए। जिन्हें बच्चे हल नहीं कर सके। शिक्षा का स्तर अत्यंत खराब पाया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों को उनकी मातृभाषा में समझाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि बीएसए खुद निरीक्षण करें व पर्यवेक्षण कर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।

मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय शमसाबाद में बूथों में रोशनी कम पाई गई। जिलाधिकारी ने पर्याप्त रोशनी बढ़ाने के निर्देश दिए। शौचालय सही पाये गये, जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को हर दिन 15 मिनिट बेसिक जानकारी



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम डॉ . वीके सिंह, एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

- बच्चों का शैक्षणिक स्तर जांचा बूथों पर मिलीं खामियों को दुरुस्त कराने के दिए निर्देश

देने व सामान्य ज्ञान पढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मिडडे मील में बनी तहरी की गुणवत्ता स्वयं चख कर चेक की। गुणवत्ता सही पाई गई। एसवी इंटर कालेज मतदान केंद्र पर मतदान कक्षों में दो दो पंखें लगाने, रैंप सही कराने, रैंप पर रेलिंग लगाने, सभी के लिए पेयजल व छाया की व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये । चंद्रकुमारी ज्वालाशंकर बालिका इंटर कालेज मतदान केंद्र पर रैंप सही कराने, पंखा व लाइट बढ़ाने व फैले हुए तारो को सही कराने , पानी व छाया की व्यवस्था कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। प्राथमिक विद्यालय चिलौली मतदान केंद्र पर मैन रोड से विद्यालय तक का रास्ता सही कराने, रैंप बनाने, लाइट की व्यवस्था सही कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये ।विद्यालय में शिक्षा का स्तर ठीक पाया गया। शौचालय ठीक पाये गये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन 15 मिनिट बच्चो को सामान्य चीजो का ज्ञान कराया जाये। जिलाधिकारी ने पंचायतघर व आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। मतदान केंद्र इनामुल हक शाह मेमोरियल इंटर कालेज रायपुर ख़ास में सभी कक्षो के वेंटिलेटर पर जाली लगाने, कक्षो में पंखे की संख्या बढ़ाने, पीने के पानी व छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। केएसआर इंटर कालेज कम्पिल मतदान केंद्र पर लाइट की व्यवस्था सही कराने, साफ सफाई कराने, रंगाई पुताई कराने, रैंप बनाने व उस पर रेलिंग लगाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कायमगंज व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**अमृतपुर एसडीएम को बूथों पर मिली गंदगी**

**अमृतपुर।** एसडीएम रविंद्र सिंह ने आज लोकसभा चुनाव के लिए बनाए बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्था परखी। उन्होंने गलारपुर, राजपुर, रतनपुर पमारान, हरसिंहपुर गहलवार मे परिषदीय विद्यालयों मे बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम को बूथों पर पानी की व्यवस्था ठीक नही मिली तथा साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की तथा व्यवस्था सुधारने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए।

## स्कूल में हुई संचारी रोग नियंत्रण पर चर्चा

**कायमगंज।** परिषदीय स्कूल टिलिया में प्रबंध समिति की बैठक में नवीन नामांकन समेत कई विंदुओं को लेकर चर्चा हुई। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय टिलियां में नवीन सत्र 2024-25 की प्रथम विद्यालय प्रबंधक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष संजेश कुमार ने की। बैठक में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार गंगवार ने नवीन नामांकन, संचारी रोग नियंत्रण, कंपोजिट ग्रांट उपभोग व निपुण लक्ष्य समेत अनेक विंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में परीक्षा में सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर प्राप्त करने पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान रसोईयो को दो दो यूनीफार्म की साड़ी वितरित की गई।

# महिला ने पीया जहर, हालत गंभीर

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहल्ला बजरिया राधाकृष्ण में परिवार में ही मकान के विवाद से परेशान होकर क्षुब्ध महिला ने जहर पी लिया। महिला की हालत गंभीर है। महिला के पति का आरोप है आरोपित पक्ष तीन बार परेशान कर मारपीट कर चुके है। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला बजरिया राधाकृष्ण निवासी अनुराधा ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत उसके पड़ोसी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान अनुराधा के पति प्रमोद भारद्वाज ने आरोप लगाया 26 मार्च को परिवार के एक युवक ने उसके कमरे का दरवाजा तोड़ लिया और कहा कि घर छोड़ दो नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 31 मार्च को फिर आरोपित युवक व उसके पिता ने अज्ञात लोगो के साथ उसकी दीवार तोड़ दी और कमरे में घुस आए और उसे व उसकी पत्नी अनुराधा पीटा। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। उसके बाद 2 अप्रैल की रात नौ बजे आरोपित उसकी टूटी दीवार के सहारे घुस आए और उसकी पत्नी अनुराधा को फिर मारापीटा। गालिया दी। धमकी दी। इससे परेशान होकर उसकी पत्नी ने जहरीला पदार्थ पी लिया। उस वक्त वह घर पर नहीं था। प्रमोद का कहना है उसने कोतवाली में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है। इधर सीएचसी से गंभीर हालत में अनुराधा को प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी ने बताया कि घर को लेकर आपसी विवाद है। बीते दिनों प्रदीप भारद्वाज की शिकायत पर डाक्टरी परीक्षण कराया गया था। जिसमें एक्सरे एडवाइज पर लोहिया अस्पताल में एक्सरे कराया था। उसकी पति के जहर खाने की बात उन्होंने बताया घटना को लेकर जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**संदिग्ध हालात में कीटनाशक गटका**

कायमगंज फर्रुखाबाद क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी नीता ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन उसे सीएचसी लेकर दौड़े। जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# थाने की दीवार फांद भागा आरोपी, पुलिस के हाथ-पांव फूले

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** युवती भगाने का आरोपी थाना कमालगंज की दीवार फांदकर भाग गया। आरोपित के भाग जाने पर थाना पुलिस के हाथपांव फूल गए। पुलिस आरोपित की तलाश में छापे मारी कर रही है।

थाना कमालगंज पुलिस ने बीते दिन जनपद शाहजहांपुर थाना

- शौच करने के बहाने होमगार्ड को दे गया चकमा



तिलहर के ग्राम मनसूपुर गोटिया निवासी सोनू पुत्र रामनिवास को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने सोनू के कब्जे से भगाई गई युवती को बरामद किया था। सोनू कई दिनों से पुलिस की हिरासत में था। सूत्रों के अनुसार होमगार्ड बीती रात सोनू को शौच कराने के लिए ले गया तभी सोनू थाने की दीवार फांदकर भाग गया। जानकारी मिलते ही थाने में हड़कंप मच गया।

पुलिस युवती के डॉक्टरी परीक्षण एवं बयान दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है। उसको फर्रुखाबाद के वन स्टाफ सेंटर में रखा गया। बताया जाता है कि सोनू ग्राम रामपुर माझगांव में रिश्तेदारी में गया था और वहीं से मौका मिलने पर युवती को भगा ले गया। पीड़ित पिता ने सोनू के विरुद्ध 17 वर्षीय बेटी को भगाए जाने की रिपोर्ट 23 फरवरी को दर्ज कराई थी। इस मुकदमे की विवेचना दरोगा दीपक कुमार के द्वारा की जा रही है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी राजेश राय से फोन पर जानकारी की गई तो उनके फोन से उप निरीक्षक गीतम सिंह ने बताया कि सोनू की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। उसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संचारी रोगों से बचाव के बारे में किया जागरूक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को होमियोपैथिक विभाग के तत्वाधान में राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय कड़हर द्वारा कस्बे में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय में ,समस्त छात्रों को जागरूक कर उन्हे उचित खानपान ,साफ सफाई और शारीरिक व्यायाम और योग के महत्व को समझाया गया। साथ ही कोई रोग इत्यादि होने पर नजदीक के आयुष विधा (होमियोपैथिक ) के सरकारी अस्पतालों में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर संबंधित रोगों की औषधिया प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इन सभी संचारी रोगों से बचाव के एक महत्वपूर्ण तरीके ,हाथ साफ करने का उचित तरीके का भी सभी बच्चों, अध्यापकों,और साथ ही विद्यालय में मिड डे मील भोजन बनाने वाली महिला कर्मी को भी ,सजीव प्रदर्शन करते हुए। इस दौरान होम्योपैथी विभाग से डॉ सुरेंद्र सिंह ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि अपने घर के आस पास साफ सफाई रखो।

# ट्रायल में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 लोगों को टीम में शामिल किया गया। चयनित टीम जोनल क्रिकेट ट्रायल में भाग लेने जल्द ही जनपद फिरोजाबाद जाएगी। अंडर-16 ट्रायल मैच में 24 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी और विकेट कीपिंग के आधार पर जनपदीय चयनकर्ताओं ने 20 खिलाड़ियों का चयन कर



जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रायल मैच में खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

लिया। सचिव मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीम में सौरभ कुमार, सात्विक, सूर्य प्रताप, अभय मिश्र, लव पांडेय, अभिषेक पाल, देव त्रिपाठी, कार्तिकेय तिवारी, आरुष चतुर्वेदी, अभिनव देव, निहाल, कौशल प्रिय, हर्षित कुमार, देवांश कुमार, लकी, अर्जुन गुप्ता, वीर कुमार, प्रयाग, बिलाल अहमद व वंश साध को शामिल किया गया है। फिरोजाबाद में होने वाले जोनल क्रिकेट ट्रायल की तिथि जल्द ही आ जाएगी।

## जेठ पर गर्भवती से मारपीट का आरोप

**कायमगंज।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव पित्योरा निवासी एक गर्भवती महिला ने जेठ पर मारपीट का आरोप लगाया है। मोहम्मद वारिश उर्फ अमन की पत्नी चांदनी ने बताया कि उसके घर में समरसेबल लगी हुई है। समर से उसके जेठ तस्किल भी पानी भर लेते हैं। देर शाम पानी भरने को लेकर हल्का सा विवाद हुआ था। जेठ ने घर की बिजली काट दी। जिसपर चांदनी ने कहा कि उसके घर की बिजली क्यों काट दी है। इस पर जेठ चांदनी को गालियां देने के बाद मारपीट की।

## सार-संक्षेप

**खेत में घुसी बकरी, विरोध करने पर किसान से मारपीट**

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हमीरपुर लालबाग निवासी सानू ने गांव के पास खेत लगान पर लिया है। उसने खेत में मक्के की फसल बोई है। मंगलवार को उसका छोटा भाई परवेज खेत की रखवाली कर रहा था। जहां पास में कुछ लड़के मैच खेल रहे थे और बकरी भी चरा रहे थे। बकरी उसके खेत में चली गई। परवेज ने विरोध किया तो भूरा के लड़के व उसके साथियों ने परवेज को मारपीट कर घायल कर दिया। घायवालास्था में पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के भाई सानू की तहरीर पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

**मार्ग दुर्घटना में युवती हुई घायल**

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव शाहीपुर निवासी कुसमा मार्ग दुर्घटना में घायल हो गई। सूचना पर परिजन उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज को उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

**ऊंचाई से गिरकर युवक घायल**

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी लालू ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज हुआ।

**कोर्ट का फैसला** प्रेम संबंधों को लेकर उतारा था मौत के घाट, साक्ष्य मिटा दिया था दोषी शिक्षक ने

# पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रेम संबंधों को लेकर पत्नी की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के मामले में शिक्षक को दोषी करार दिया गया। अपर जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने आरोपित शिक्षक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 70 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा का प्राविधान किया है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव ककिउली निवासी अनिल कुमार ने आठ सितंबर को 2013 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि वह पत्नी ममता रानी के साथ गांव से नवाबगंज स्थित घर जा

- दोषी पति पर 70 हजार का जुर्माना भी लगाया

रहा था। रास्ते में लोडर की टक्कर से पत्नी की मौत हो गई थी। वहीं ममता के परिजनों ने आरोप लगाया कि अनिल उच्च प्राथमिक स्कूल ममापुर में प्रधानाध्यापक है। उसके स्कूल में तैनात फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भोलेपुर नगला दीना निवासी सहायक अध्यापक ममता सागर से प्रेम संबंध हैं। ममता रानी ने दोनों के प्रेम संबंध में बारे में शिकायत की थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर जांच की मांग की थी। विवेचना में मामला दुर्घटना का नहीं हत्या का पाया गया। विवेचक प्रदीप कुमार यादव ने अनिल सगर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर ममता सागर को क्लीन चिट दे दी। शुक्रवार को न्यायाधीश राकेश कुमार ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर अनिल सगर को पत्नी की हत्या में दोषी करार देकर पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। ममता सागर को तलब किया था। बुधवार को न्यायाधीश ने पत्नी की हत्या में दोषी शिक्षक पति अनिल सगर को आजीवन कारावास की सजा और 70 हजार रुपये जुर्माना जमा करने के आदेश दिए। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगने के आदेश दिए। अभियोजन पक्ष की ओर से के के पांडेय ने दलीले दी।

**बालिका से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा**

**फर्रुखाबाद।** न्यायालय पॉस्को एक्ट ने तीन साल पहले बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में बालअपचारी को दोषी मानते हुए सात वर्ष की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा का आदेश दिया है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बाल अपचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें बताया कि 8 नवंबर 2021 को शाम चार बजे आठ वर्ष की पुत्री कूड़ा डालने के लिए गई थी। तभी 13 वर्ष के बालअपचारी ने पुत्री का दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। पुत्री को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गया। विवेचक ने जांच पड़ताल के बाद बाल अपचारी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर बाल अपचारी को दोषी करार देकर सात वर्ष की सजा सुनाई। दोषी बालअपचारी पर पचास हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। बाल अपचारी के माता–पिता को अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए। अर्थदंड नहीं देने पर बाल अपचारी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित करने के आदेश दिए। अभियोजन पक्ष की ओर से विकास कटियार, प्रदीप सिंह, अनुज कटियार ने दलीलें दीं।



# बालिका से छेड़छाड़ में दोष सिद्ध, आठ को होगी सजा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने चाची के घर से लौट रही बालिका से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपित युवक के खिलाफ दोष सिद्ध किया है। आठ अप्रैल को सजा की तिथि तय की गई है।

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के एक गांव की कालोनी निवासी महिला ने कालोनी निवासी जीशान के खिलाफ पॉक्सो न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने आरोप लगाया था कि 22 जनवरी 2023 को दस वर्ष की पुत्री दिन में 11.45 बजे चाची के कमरे से अपने घर आ रही थी। उसी दौरान जीशान ने पुत्री को अकेला पाकर जीने में छेड़छाड़ की। पुत्री ने फोन पर बताया कि जीशान ने उसके साथ गलत हरकत की। विवेचक ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी जीशान के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने बुधवार को गवाह व साक्ष्य के आधार पर जीशान को दोषी करार किया। दोषी को सजा सुनाने के लिए आठ अप्रैल की तिथि नियत की है। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकीलों ने सजा को लेकर दलीलें दीं।

- 22 जनवरी 2023 को हुई थी घटना, पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायालय ने की सुनवाई

## पत्नी से विवाद में दी आत्मदाह की धमकी

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव कैथन नगला निवासी रजनेश कुमार ने एसपी को दिये गये शिकायती प्रार्थना-पत्र में बताया है कि उसकी शादी को 12 साल हो चुके हैं। उसकी पत्नी रेनू ने घर आकर भाई-बहन व चाचा-चाची से मारपीट करती है। आये दिन पुलिस से पकड़वाकर हवालात में बंद करवाती है। रेणु का मायका सकरावा कन्नौज में है। पत्नी उत्पीड़न के साथ-साथ अनावश्यक धन वसूली भी कर रही है। इसके साथ ही रजनेश ने कई गंभीर आरोप भी लगाये हैं। मोहम्मदाबाद कोतवाल मनोज कुमार भाटी ने बताया कि शिकायतकर्ता का पूर्व में भी विवाद हो चुका है। दोनों एक दूसरे पर शक करते हैं।

# दिल्ली की सत्ता में एनडीए की नहीं होगी वापसी : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● आदित्य को बदायूं से चुनाव लड़ाने के बारे में निर्णय सपा अध्यक्ष का होगा


शिवपाल सिंह यादव ।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि एनडीए गठबंधन की किसी भी सूरत में दिल्ली की सत्ता में वापसी नहीं होगी। एनडीए के खिलाफ बड़े पैमाने पर देशभर में जनाक्रोश देखा जा रहा है। श्री यादव अपने गृह जिले इटावा में चौगुर्जी स्थित आवास पर बुधवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एनडीए के नेताओं के इशारे पर विपक्षी राजनेताओं के खिलाफ जिस तरीके से ईडी और सीबीआई के सहारे जेल भेजने की कार्रवाई करा रही है, उससे एनडीए के खिलाफ बड़े पैमाने पर जनाक्रोश सारे देश में फैला हुआ है। यही जनाक्रोश एनडीए को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त होगा। बेटे आदित्य यादव के बदायूं संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर कहा कि बदायूं की जनता ने मांग की है कि युवा नेता चाहिए। जनता की मांग को सूचीबद्ध करके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मुख भेज दिया गया है। फिलहाल बदायूं से वह खुद इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार है, लेकिन जनता को मांग करने का हक है और जाहिर है कि जनता ने जो मांग की है उस पर अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को निर्णय लेना है। उन्होंने कहा कि कुछ रणनीति के हिस्से होते हैं, जो अभी नहीं बताये जा सकते हैं। आदित्य यादव के चुनाव में टिकट मिलने पर आप कहां से लड़ेंगे के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि हम चुनाव लड़ेंगे, इसकी चिंता आप लोगों को करने की जरूरत नहीं है। समाजवादी पार्टी से नाराज चल रही विधायक पल्लवी पटेल के पीडीएम फार्मूले को लेकर के चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि उनको ऐसा नहीं करना चाहिए। जिससे लोगो को लगे कि आप भाजपा की मदद कर रहे है। आपकी इस रणनीति से भाजपा की मदद होगी, यह मैसेज नही जाना चाहिए। कन्नौज संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा न होने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कन्नौज से समाजवादी पार्टी ही जीतेगी। यह सीट नेताजी की सीट रही है। अब समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ कन्नौज संसदीय सीट पर चुनाव मैदान में उतरेगी और जीत भी हासिल करेगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि योगी सरकार में पुलिस के संरक्षण में लगातार हत्याएं हो रही हैं। जेल भी नहीं बचे हैं। पूरी तरह से भाजपा शासन में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके तिहाड़ जेल भेजे जाने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के राज्य में विपक्ष के राजनेताओं का शोषण किया जा रहा है।

# बॉलीवुड की तरह ब्रजभाषा इंडस्ट्री बनाने के प्रयास में जुटीं हिना भारती

कार्यालय संवाददाता, इटावा


हिना भारती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्रज भाषा की पहचान देश भर में विख्यात हैं। मथुरा से चौरासी कोस के क्षेत्र को बृज क्षेत्र कहा जाता है। इस क्षेत्र ने फ़िल्म इंडस्ट्री को कई कलाकार दिए है इन सभी कलाकारों को जोड़कर ब्रजवुड की स्थापना करना मुख्य उद्देश्य है।

शहर में आई इंस्टाग्राम की प्रदेश फेमस स्टार हिना भारती ने कहा कि अब इंस्टाग्राम कलाकारों में भी छिपी हुई प्रतिभा बाहर आ रही है । अब तक कई इंस्टाग्राम व टिक-टॉक से बायरल हुए स्टारों को बॉलीवुड में जगह मिली है। हिना भारती का 'पल्लू में बांध के राखूं' गाना हाल ही में ब्रज रिकॉर्ड चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने के डायरेक्टर निक्की सिंह है। इससे पहले हिना भारती का गाना ' लाय दे पिया चूड़ी फिरोजाबाद की' खूब बायरल हुआ था। हिना भारती अब तक एक दर्जन से अधिक एलबम में सांग में काम कर चुकी हैं । हिना भारती के इंस्टाग्राम पर 30 लाख, फेसबुक पर 9 लाख, यूट्यूब पर 50 हजार, मौज एप्प पर 6 लाख फॉलोवर है। हिना भारती की इंस्टाग्राम पर कई रील्स बायरल हुई है जिन्हें मिलियन में लोगों द्वारा देखा गया है। हिना को ब्रज भाषा बहुत पसंद है और उनके सभी वीडियो ब्रजभाषा में ही बनाये गए है। हिना भारती ने ब्रज रिकॉर्ड कंपनी के निदेशक शिव प्रताप सिंह को बधाई देते हुए कहा कि वह ब्रज भाषा व कलाकारों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है।

# मारपीट के मामले में दोषी को तीन साल कारावास

## तीन आरोपियों को एक-एक साल की सजा, जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम पारूल श्रीवास्तव ने तीन साल पुराने मारपीट के एक मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपियों में से एक को तीन साल की सजा व सात हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। जबकि अन्य तीन आरोपियों को एक एक साल की सजा सुनाई व तीन तीन हजार का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव पत्ता पुरा निवासी रवींद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि छह दिसम्बर 2020 को अपने दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के ही उमेश चंद्र पुत्र परशु राम, दया किशन पुत्र विनती राम, गुलशन पुत्र हर प्रसाद व नीलेश पुत्र श्री चंद्र प्रधानी के चुनाव को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसके भतीजे रजत ने गाली देने से मना किया तो इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की । वह बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में रजत के सिर में गंभीर चोटें आई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की छानवीन की। छानवीन के बाद पुलिस ने नीलेश के खिलाफ मारपीट कर सिर में गंभीर चोट पहुंचाने व उमेश , दया किशन व गुलशन के खिलाफ मारपीट करने की धाराओ में आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने नीलेश को तीन साल की सजा व सात हजार के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा। उमेश, दया किशन व गुलशन को एक साल की सजा व तीन हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना न देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा।

### शातिर को छह महीने के लिए किया जिला बदर

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने एसएसपी संजय वर्मा की संस्तुति के आधार पर थाना चौबिया क्षेत्र के गांव भूटा निवासी अजय कुमार उर्फ डूमा के आपराधिक इतिहास के मद्देनजर आगामी छह महीने के लिए जिला बदर कर दिया। यह आदेश उसके घर पर चस्पा करा दिया गया है।

# समाज कल्याण विभाग ने उड़ाया जनसुनवाई पोर्टल का मखौल

**इटावा।** आम-जनता की समस्या के समाधान के लिए जनसुनवाई पोर्टल बनाया गया है। समाज कल्याण विभाग इसका मखौल उड़ा रहा है ।इसमें वृद्धावस्था पेंशन की शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया गया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। तहसील जसवंतनगर के हरकुपुर निवासी रघुवीर सिंह पुत्र सूबेदार ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए 21 दिसंबर 2023 को आवेदन किया ।उसके बाद उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर 6 जनवरी को अपनी आवेदन संख्या-313511583641 अंकित कर पेंशन स्वीकृत किए जाने की मांग की थी। इसमें समाज कल्याण विभाग ने अपनी आख्या में स्पष्ट किया था कि यह आवेदन ब्लॉक जसवंतनगर में लंबित है ।उसके बाद पुनः पोर्टल पर 23 मार्च को समस्या के निस्तारण के लिए मांग की गई तो समाज कल्याण विभाग ने बिल्कुल झूठी आख्या लगा दी कि पेंशन आवेदन संख्या गलत है, जबकि पूर्व में इसी के आधार पर आख्या लगाई गई थी। आवेदक का आवेदन ब्लॉक जसवंतनगर में लंबित है।

# अफ्फान रहे इस्लामिया कॉलेज के टॉपर

कार्यालय संवाददाता, इटावा


पुरस्कृत छात्रों के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक फजल यूसुफ खां । अमृत विचार

● शिक्षक हाजी फजल यूसुफ को किया सम्मानित

**अमृत विचार।** एच एम एस इस्लामिया इण्टर कालेज में इस वर्ष कक्षा नौ के छात्र हाफिज अफ्फान कालेज टॉपर रहे। वार्षिक परीक्षा फल वितरण के दौरान प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर इस वर्ष सेवा निवृत्त होने वाले वरिष्ठ शिक्षक हाजी फजल यूसुफ खां ने मुख्य अतिथि के रूप में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने यूसुफ को सम्मानित किया। जिन छात्रों ने अपनी कक्षा के सभी सेक्सन में मिलाकर कर टाप किया उन्हे विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

अपने सेक्सन में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों सहित दो दर्जन से अधिक छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि जनाब फजल यूसुफ साहब का कालेज से रिश्ता पुराना है और सदैव रहेगा।उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा सत्र के आरंभ से ही परिश्रम करें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य साकिब अली खां, परीक्षा प्रभारी मुहम्मद जावेद,चीफ प्राक्टर मुहम्मद अतीक, जिया उल्लाह,मुहम्मद अनवर, डा कुश चतुर्वेदी,नाजिश इकबाल, शाहिद अख्तर आदि ने भी स्वागत किया।

### फजल यूसुफ छात्रों में लोकप्रिय

**इटावा।** इस्लामियां इंटर कालेज इटावा में हिंदी के शिक्षक के रूप में ख्याति अर्जित करने वाले शिक्षक फजल यूसुफ खां सेवानिवृत हो गए। उन्होंने दो दशक तक बड़ी शालीनता और लगन से बच्चों को हिंदी शिक्षा दीक्षा दी। शिक्षकों और छात्रों के बीच वे अपनी सादगी के कारण बहुत लोकप्रिय रहे। समाजसेवी और शिक्षाविद वाशिफ खान ने उनको सम्मानित करते हुए कहा कि उनके सेवानिवृत होने पर काफी दूर दूर से उनके पढाये हुए छात्र उनके घर पहुंचे। छात्रों ने अपने अध्यापक को सम्मान देते हुए उनके अच्छी सेहत और तंदुरस्ती की दुआ की। अपने सूफियाना अंदाज के कारण वे समाज में भी काफी लोकप्रिय रहे। विद्यालय के प्रबंधक हाजी मो अल्ताफ, प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, डा कुश चतुर्वेदी, मो अतीक अलीग समेत सभी शिक्षकों ने उनके साथ बिताये हुए पलों को साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की। हिंदी अध्यापन के लिए विद्यालय में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

# भौकाल व कोहिनूर ग्रुप घोषित किए गए गैंग

संवाददाता, इटावा

● सैफई क्षेत्र में अर्से से उत्पात कर रहे ग्रुप के युवा

**अमृत विचार।** सैफई क्षेत्र में अर्से से भौकाल तथा कोहिनूर ग्रुप से जुड़े युवा तमंचे लहराकर, वाहनों से स्टंट करके उत्पात मचा रहे हैं। इन पर कार्रवाई भी हो चुकी लेकिन बाज नहीं आ रहे। इस पर पुलिस ने दोनों ग्रुपों को गैंग घोषित करके इनसे जुड़े युवाओं के नाम उजागर कर दिए।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि तीन तमंचे एक साथ लहराने वाले कोहिनूर ग्रुप के धर्मेश को पकड़ा गया। इससे पहले फोर व्हीलर वाहन पर स्टंट करने पर कार्रवाई की गई। दोनों ग्रुप एक दूसरे से अधिक शक्तिशाली प्रदर्शित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वीडियो वायरल करके अन्य युवाओं को भी प्रभावित कर रहे हैं। इसके तहत सभी अभिभावकों से अपने युवाओं पर निगरानी करने की अपील की गई। पुलिस ने इन ग्रुपों को गैंग मानकर इनसे जुड़े युवाओं को चिंहित करके नाम उजागर किए, इन सभी की कड़ी निगरानी कराई जाएगी।

भौकाल गैंग में इसी थाना क्षेत्र के गांव सिसिया के ऋषि व अंकुश, सहसारपुर का आशु, गांव सेमरा के आनंद व रोहित, नगला नत्थू के अर्जुन व गौरव, गांव बलभद्रपुर के रोहित, मंजुल तथा आलोक शामिल हैं जबकि कोहिनूर गैंग में इसी क्षेत्र के गांव सिसिया का पवन उर्फ लऊआ, विमलेश, सौरभ तथा नितिन, सहसारपुर का सन्नी, गांव केहरी का धर्मेश व सौरभ, नगला पम्मी का मंचन कठेरिया व राजा, नगला लहरी का अजीत तथा नगला लाले का लऊआ शामिल हैं।

# यमुना में मिला औरैया के युवक का शव

**चकरनगर-इटावा।** चार दिन पहले शौच के दौरान पैर फिसलने से यमुना नदी में डूबे युवक का शव बिठौली थाना क्षेत्र में नदी किनारे क्षत-विक्षत दशा में बरामद हुआ। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। औरैया के थाना अजीतमल के गांव गौहानी कला में रहने वाला 28 साल का सुवेंद्र बाल्मीकि शनिवार सुबह शौच के लिए यमुना नदी पर गया था। अचानक पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। कुछ समय बाद परिजनों को जानकारी हुई तो परिवार के सदस्य दिन-भर रोते बिलखते रहे। रविवार को सूचना पर थाना पुलिस ने क्षेत्रीय गोताखोर और सैंक्चुअरी की टीम के साथ मोटर वोट के जरिए नदी में डूबे युवक को काफी खोजने का प्रयास किया, किंतु कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को बिठौली थाना क्षेत्र के गांव मचल की मड़ैया के पास यमुना किनारे युवक का शव को देख पुलिस को सूचना दी गई।

# लोगों को मतदान के लिए जरूर प्रेरित करें

कार्यालय संवाददाता, इटावा



आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं के बीच ऋचा राय । अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन हर मुमकिन प्रयास कर रहा है । बुधवार को पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया। हर बच्चा कम से कम पांच लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का काम करें।

मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम पहुंचे। उन्होंने मंच से बच्चों को बताया कि मतदान करना क्यों आवश्यक है। इटावा संसदीय सीट पर 13 मई को मतदान किया जाएगा सभी लोगों को मतदान करने की यह रस्म निभानी है। उन्होंने कहा मतदान वाले दिन सभी बच्चे अपनी गली मोहल्ला में जाकर लोगों से मतदान करने की अपील करें। सभी लोगों को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई। जागरुकता रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया।

### महिलाएं घर-परिवार के साथ चुनाव व मतदान पर भी करें चर्चा

**इटावा।** समारंभा फाउंडेशन ने आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम नगला सुभान सैफई पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों को स्व विवेक से मतदान के लिए प्रेरित किया । फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय ने चुनाव के प्रति लोगों विशेषकर महिलाओं में रुचि जागृत की। मतदाता के रूप में उनके कर्तव्य का बोध उन्हें कराया एवम पहली बार वोट कर रहे मतदाताओं व मुखरता से अपनी बात रखती महिलाओं को सम्मानित किया। महिला मतदाताओं से कहा कि घर परिवार की जिम्मेदारी के साथ ही महिलाओं को मतदान, मतदाता, चुनाव, प्रत्याशी आदि विषयों पर भी चर्चा प्रारंभ करनी होगी। सोच विचार कर ही अपने मत का प्रयोग करना होगा तभी हम समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। प्रतिभा यादव ने महिलाओं को बिना लालच में फंसे हुए, सोच समझ कर वोट करने को कहा। खेल शिक्षक विकास कुमार ने वोटिंग मशीन पर नोटा बटन विकल्प के विषय में बताया। बूथ लेवल अधिकारी सुषमा रानी के सहयोग से ग्रामीणों की समास्याओं का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में कमलकांत दुबे, शबाना, प्रतिभा यादव , अंजलि तोमर, संध्या, कामिनी, साधना, रूपरेखा रहीं।

## सार-संक्षेप

### तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**इटावा।** सैंफई थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचा के साथ अपनी फोटो अपलोड कर उसे वायरल करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तालाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि एक युवक ने तमंचा के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की थी। सोशल मीडिया सैल से मामले का संज्ञान लिया और पता लगाकर सैंफई थाना पुलिस को अवगत कराया। सैंफई थाना पुलिस ने युवक का पता लगाकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। सैंफई थाना प्रभारी बलराम मिश्रा व सोशल मीडिया सैल की प्रभारी यशोदा रानी अपनी टीम के साथ उसकी गिरफ्तारी के प्रयास मे लगी थी। प्रभारी निरीक्षक सैंफई को मुखबिर ने सूचना दी कि तमंचा लहराने वाला युवक इस समय नगला केहरी गांव के पास खडा है। वह कहीं भागने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकडे गए युवक ने अपना नाम धर्मेश कुमार पुत्र सतीश चंद्र निवासी नगला केहरी बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। **एसएसपी ने लोगों से बच्चों पर निगाह रखने की अपील की :**एसएसपी ने बताया कि पकडे गये युवक से पुलिस टीम ने जब पूछताछ की तो उसने बताया कि सैफई में कोहिनूर और भौकाल नाम के दो गैंग ग्रुप चलते हैं जिनमें से वह कोहिनूर ग्रुप का सदस्य है । एसएसपी ने लोगों से अपील की वह अपने बच्चों पर नजर रखे कि वह क्या काम कर रहे है।

### ज्ञान स्थली का परीक्षाफल घोषित, पुरस्कार वितरित



पुरस्कृत करते उप प्रबंधक विनीत यादव ।

**इटावा।** ज्ञान स्थली एकेडमी विजय नगर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। उपप्रबंधक विनीत यादव एवं प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये। विद्यालय में भव्य समारोह के दौरान अभिभावकों और बच्चों की उपस्थिति में रैंक के आधार पर बच्चों को प्रथम से पंचम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य कैटेगरी में प्रत्येक कक्षा से मैडल व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। उप प्रबंधक विनीत यादव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

### सटोरिया तमंचा के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कचौरा रोड पर रेलवे पर के नीचे से एक व्यक्ति को सट्टे की खाई बाडी करते गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तमचा कारतूस के अलावा सट्टे की पर्चियां दो मोबाइल व 9940 रूपया बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम निक्सन बाबू निवासी लुहन्ना बताया । पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, अफरातफरी मची

**महेवा, इटावा।** कस्बा महेवा स्थित सीएचसी महेवा में बुधवार की दोपहर अचानक बिजली के तारों में आग लग गई। कुछ समय के लिए अफरा तफरी मच गई। अस्पताल स्टाफ की सूझबूझ के चलते तुरंत ही आग पर काबू पा लिया । सी एच सी महेवा में बुधवार की दोपहर करीब दो बजे अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। चारों ओर धुंआ छा गया । भर्ती महिला पुरुष मरीजों में अफरा तफरा मच गई। मौके पर मौजूद अधीक्षक डॉ गौरव त्रिपाठी की सूझबूझ से आग बुझाने वाले उपकरणों से आनन फानन में काबू पा लिया गया। कोई भी हानि नहीं हुई । अधीक्षक ने बताया कि काफी पुरानी लाइन होने के चलते वोल्टेज ज्यादा हो जाने से तार जल गए थे । समय रहते काबू कर लिया गया पर कोई हानि नहीं हुई है।

### युवक की उपचार के दौरान मौत

**इटावा।** चौबीस दिन पहले मध्य प्रदेश के जिला भिंड के गांव धरई के युवा पवन तथा अमित अपने गांव के दोस्त की शादी में आए थे। बाइक से वापस आने के दौरान ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दोनों घायल हो गए थे। पवन ने उसी दिन जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था जबकि अमित को बेहतर इलाज के लिए आगरा से ग्वालियर ले जाया जा रहा तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है।

मौसम | लू से होने वाली मौतों की रोकथाम के लिए बरतें सावधानियां

# रिकार्ड गर्मी पड़ेगी, हीट वेब से बचाव जरूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

### भीषण गर्मी को लेकर जारी की गई गाइडलाइन



लू से जन-हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए निम्न सावधानियों बरतें। जैसे कड़ी धूप में बाहर न निकलें, जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा टोपी छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें।,यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें।

**अमृत विचार।** जिले में होली के बाद लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच रहा है। पारा चढ़ने से लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। अभी पूरा अप्रैल, मई और जून माह बाकी है।

हीट वेब की आशंका पर प्रशासन चौकन्ना हो गया है। आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे ने बताया कि हीट वेव को लेकर प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। गर्मियां शुरू हो गई है, ऐसे में अगर जरा सी भी लापरवाही हुई तो हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। लखनऊ मौसम केंद्र के मुताबिक इस साल गर्मी अपने पिछले कुछ सालों का रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। इस बार गर्मी अधिक पड़ेगी, अधिकतम और न्यूनतम तापमान जितना सामान्य माना जाता है उससे अधिक होगा। तापमान में लगातार वृद्धि और पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण पिछले कुछ वर्षो से बहुत अधिक गर्मी और उमस भरी गर्मी पड़ रही है। हीट स्ट्रोक के बारे में आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि हीट स्ट्रोक का सबसे पहला लक्षण है, पसीना आना बंद हो जाना यानी बॉडी का रेगुलेटर खराब हो जाना, इस दौरान शरीर थका- थका रहेगा और शरीर में ताकत बिल्कुल नहीं रहेगी। सिर दर्द और मांसपेशियों में तनाव की स्थिति भी बन सकती है, इसके साथ ही प्यास अधिक लगेगी और गला सूखने लगेगा, आंखों के आगे अंधेरा भी आ सकता है और चक्कर भी आ सकते हैं, इसके अलावा लो ब्लड प्रेशर की स्थिति बन सकती है अगर तबीयत ज्यादा खराब महसूस हो तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें।

### क्या करें , क्या न करें

स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें ।,आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें ।, बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें ।, जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें ।, सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें ।,संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें ।,घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें ।

# विपक्षी गठबंधन तो है घोटालेबाजों की बारात

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है और इसे घोटालेबाजों और भ्रष्टाचारियों की बारात बताया है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि इस गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में जो रैली की थी उसमें हर चेहरे पर भष्टाचार और घोटालों का काला धब्बा था। इनका मॉडल विकास का न होकर भ्रष्टाचार का है।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में श्री राजपूत ने कहा कि सपा के कद्दावर नेता हार की डर की वजह से चुनाव लड़ने से मना कर रहें है। एक ओर जहाँ पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने चुनावी समर का आगाज कर दिया है वही समाजवादी पार्टी को लोकसभा चुनाव लड़ाने के लिए कैंडिडेट नहीं मिल रहें है। वो बार बार अपने प्रत्याशियों को बदल रहें है। सपा के पीडीए का मतलब पाखंड, धोखा और अत्याचार है। जब सपा की सरकार थी उसमें सबसे ज्यादा दलित, पिछड़े अल्पसंख्यक, महिलाओं और नौजवानों को प्रताड़ित किया गया। गठबंधन का काम है लूटना, हर दिन नया झूठ बोलना, पीएम को गाली देना, देश को बदनाम करना और जाति धर्म के नाम पर समाज को बांटना है। उन्होने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो इलू इलू कर रही है लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता ने इस गठबंधन के साथ में लड़ने से इंकार कर दिया है। वार्ता में अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, रोहित शाक्य आदि रहे।

# फाल्ट से कस्बा व गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप

## 33 केवीए की लाइन में हुई गड़बड़ी पांच घंटे बाद हो सकी ठीक

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना सब स्टेशन से अछल्दा की 33 केवीए की हाईटेशन लाइन में मंगलवार रात 10 बजे फाल्ट हो गया। इससे कस्बे के साथ क्षेत्र के फीडर से जुडे. सैकड़ों गांवों में बिजली लगभग पांच घंटे सप्लाई ठप रही। करीब पांच घंटे बाद लाइन सही करके लगभग बुधवार तड़के तीन बजे सप्लाई चालू हो सकी।

मंगलवार रात में बिधूना से अछल्दा आई 33केवी की हाईटेंशन लाइन 132 सबस्टेशन बिधूना के पास ही फाल्ट हो गयी। इससे अछल्दा उपकेंद्र की सप्लाई ठप हो गई। अछल्दा उपकेंद्र से रुरुगंज फीडर, गुनौली फीडर, मुहम्मदाबाद फीडर व अन्य फीडर से जुडे. सैकड़ों गांवो में सप्लाई ठप हो गयी। इससे बैसोली, छछुंद, तेजपुर, मुहम्मदाबाद, बझेरा, गुनौली, मुखे की मड़ैया, दिलीपपुर, घसारा, तुरुकपुर सहित सैकड़ों गांवों की सप्लाई बाधित हो गई है। एसडीओ ऋषभ कुमार ने बताया कि बिधूना पावर हाउस मे 33केवी लाइन ब्रेक डाउन से विधुत सप्लाई ठप हो गयी थी सूचना पर मैं और जेई प्रभु दयाल व कर्मचारियों द्वारा सही करा दिया गया व तीन बजे से पहले सप्लाई चालू हो गयी थी।


क्रासिंग पर मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

### मरम्मत के चलते सात दिन बंद रहेगी 13 बी क्रॉसिंग

**अछल्दा-औरैया।** दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग की अति व्यस्तम रेलवे लाइन का मरमत कार्य गेट 13 बी पर होना है। जो कि अप और डाउन ट्रेक का 6 से 12 अप्रैल तक मरम्मत कार्य चलेगा। ये काम सुबह 6 बजे से लेकर शाम को 6 बजे तक होना है, जिससे छोटे बड़े बाहन नहीं निकल सकेंगे। वाहनों को निकलने के लिए 14 बी क्रॉसिंग का उपयोग करना पड़ेगा। रेलवे कर्मचारियों ने 13 बी क्रोसिंग के दोनों तरफ सूचना चस्पा कर बोर्ड लगाए हैं।

## नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था किशोरों के हाथ

**अछल्दा-औरया।** जिन हाथों में किताबें होनी चाहिये उन हाथों में नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी है। आदर्श नगर पंचायत का दर्जा लिये टाउन एरिया में सफाई व्यवस्था किशोरों के हाथ मे है । ईओ के कार्यालय न बैठने से व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है।

नगर पंचायत में साफ सफाई की व्यवस्था किशोरों के हाथ मे होने से नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई कैसी होगी यह कस्बा में देखने के बाद ही लोगों को आभास हो जाता है। कस्बा के हरीगंज बाजार में तिराहे वार्ड पर सुबह साफ सफाई के समय दो किशोर जिनकी अभी खेलने कूदने की उम्र है नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी में कूड़ा भरकर ले जा रहे हैं। वहीं कस्बा के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत में अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति नगर पंचायत प्रदेश शासन के आदेश पर हुयी थी लेकिन अधिशाषी अधिकारी जब कोई विशेष कार्य होता है तभी वह कार्यालय आते हैं। उनके पास अतिरिक्त में बिधूना नगर पंचायत का भी चार्ज है और वही निवास करते हैं।

# बीएसए पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- रिश्वतखोरी में जेल गये बीईओ के पक्ष में हलफनामा देने के लिए कर रहे उत्पीड़न

**अमृत विचार।** विजिलेंस द्वारा खंड शिक्षाधिकारी बिधूना को रिश्वत लेते हुए पकड़वाने वाले शिक्षक शरद कुमार व उसकी पत्नी को बीएसए द्वारा सस्पेंड कर जांच बैठा दी गयी है। वहीं शिक्षक ने आरोप लगाया है कि उसको व उसकी पत्नी पर कूटरचित आरोप लगाकर सस्पेंड किया गया है। वहीं, समझौते के लिए बराबर धमकी दी जा रही है और उसका व परिवार का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। शिक्षक ने इसके लिए बीएसए औरैया व उनके सहयोगी शिक्षकों पर दबाव बनाने व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए डीएम व महानिदेशक को पत्र भेजकर शिकायत की है।शिक्षक ने उसको धमकाने वालों पर कार्यवाही करने और सुरक्षा की मांग की है। शिक्षक की पत्नी के पास उसको धमकाने वाले दो संदिग्ध लोगों के साक्ष्य भी हैं।

मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय कुर्सी के सहायक अध्यापक शरद कुमार ने शिक्षा महानिदेशक व डीएम औरैया को पत्र लिखकर बताया कि उसने बीईओ बिधूना के 30 हजार रुपये रिश्वत मांगने पर पहले बीएसए से शिकायत की पर

> शिक्षक शरद कुमार अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वाहन नहीं कर रहे हैं और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उच्चाधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है। उसी आधार पर कार्रवाई होगी।
>
> – अनिल कुमार, बीएसए

बीएसए ने उससे नेतागिरी छोड़कर बीईओ साहब के आदेश का पालन करने को कहा और भगा दिया। इसके बाद उसने मजबूर व परेशान होकर विजिलेंस से शिकायत की जिसके बाद विजिलेंस द्वारा उनको रंगे हाथ पकड़ा गया। तब से बीईओ बिधूना पुष्पेन्द्र कुमार जैन व बीएसए अनिल कुमार व उनके कारखास उससे नाराज हो गये। कुछ मुंह लगे शिक्षकों को मुंह बांधकर बिधूना कोतवाली बुलाकर कार्यवाही बाधित कराने का प्रयास किया गया, तब से बीएसए व उसके कारखास शिक्षक लोगों द्वारा लगातार उसकी व उसकी पत्नी की रेकी की जा रही है। रास्ते में घेरकर फोन द्वारा मुझको बीएसए द्वारा धमकी दिलाई गई। निलंबन और बर्खास्तगी का डर दिखाकर बीईओ के पक्ष में हलफनामा व बयान देने का दबाव बनाया गया। वह नहीं टूटा तो बीएसए अनिल कुमार व उनके 4 व 5 साथी असलहों के साथ प्रार्थी व उसकी पत्नी के विद्यालय का निरीक्षण करने एवं दबाव बनाने का प्रयास किया।

घर पहुंचकर धमकी दिलाई गई। उसकी पत्नी उन 4 व 5 लोगों को पहचान लेगी उसके पास कुछ लोगों के साक्ष्य भी है, जिससे उनकी पहचान की जा रही है। उसके बाद भी वह नहीं झुका तो समाचार पत्र के माध्यम से कूटरचित आरोप लगाकर उसको व उसकी पत्नी को सस्पेंड करने की खबर मालूम हुई। तब से लगातार उसको प्रताड़ित किया जा रहा है व उसके साथ खड़े शिक्षक साथियों को भी बर्खास्त करने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उच्च अधिकारियों से शिकायत करने पर बीएसए द्वारा प्रार्थी पर अनावश्यक आरोप लगाकर मीडिया में देकर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक ने उसको भयाक्रांत कर मानसिक उत्पीड़न करने जानमाल की सुरक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

## कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान हुई फूलों की बरसात

**औरैया।** सहायल क्षेत्र के बेल्हूपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन की कथा में शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने नाचने लगे।

भागवताचार्य बाल व्यास आचार्य पंडित प्रशांत अवस्थी जी महाराज ने परीक्षित ओम प्रकाश शुक्ला को कथा सुनाते हुए कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है, जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। इस मौके पर संजय शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, ज्ञानोद आदि रहे।

# आईआईटी जेम में 23वीं रैंक लाने पर हर्ष

संवाददाता, फफूंद-औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गुजरीपुर निवासी छात्रा की आईआईटी में 23वीं रैंक आई है। जिसको लेकर गांव में खुशी का माहौल है। बुधवार को छात्रा के घर पहुंचने पर उसका स्वागत किया गया। वहीं, श्री राम शंकर गौरी शंकर विद्यालय में भी एक समारोह का आयोजन कर होनहार छात्रा का जमकर स्वागत किया गया।

गांव गुजरीपुर निवासी रितु राजपूत इंटर करने के बाद आईआईटी करने की इच्छा रखते हुए कड़ी मेहनत कर रही थी। साथ ही श्री रामकुमार भारतीय ज्ञान देवी महाविद्यालय में बीएससी की भी पढ़ाई कर रही थीं। आईआईटी के लिए कोचिंग में दाखिला लेने के लिए रुपया नहीं था, जिससे वह कोचिंग करने के असमर्थ थी लेकिन हिम्मत और मजबूत इरादे उसके हौसले को बढ़ाए हुए थे सपने को पूरा करने के लिए वह जी जान से ऑन लाइन पढ़ाई में जुट गई। हाल में ही 11 फरवरी को आईआईटी मद्रास द्वारा परीक्षा कराई गई, जिसमे रितु ने भी परीक्षा दी। 22 मार्च को घोषित रिजल्ट में रितु ने पूरे देश में 23वीं रैंक पाई, जिसकी जानकारी पर कस्बे और गांव में उसके परिजनों ने खुशियां मनाई। बुधवार को घर पहुंचने पर श्री राम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रितु राजपूत को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित कर मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। गांव गुजरीपुर में भी मिठाई बांटी।


छात्रा का स्वागत करते शिक्षक।


मम्मी- पापा के साथ मौजूद अभिषेक। अमृत विचार

### आईआईटी में पीएचडी के लिए अभिषेक का चयन

**औरैया।** पश्चिम बंगाल के आईआईटी शिवपुर से इंजीनियरिंग कर रहे नगर के अभिषेक राजपूत अब आईआईटी कानपुर से पीएचडी करेंगे। इस खबर से लोग गौरवान्वित हैं। लोगों के बीच इस चयन से हर्ष फैला है। नगर के डिग्री कालेज के प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार राजपूत और बेसिक स्कूल की शिक्षिका ज्योति राजपूत के पुत्र अभिषेक भारतीय अभियांत्रिकी निज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, शिवपुर (पूर्व का नाम बंगाल इंजीनियरिंग कॉलेज) से बीटेक कर रहे हैं। वह इस वर्ष बीटेक चतुर्थ वर्ष में हैं। उनका विभाग में तीसरा स्थान है। फरवरी में ही एलुमनी रिसर्च अवार्ड मिला है। इससे पहले उन्हें पिछले साल नेशनल साइंस एकेडमिक समर रिसर्च फेलोशिप प्रोग्राम भी मिल चुका है। अब उनका आईआईटी कानपुर में डायरेक्ट पीएचडी के लिए चयन हो गया है। आईआईटी कानपुर में पीएचडी में 22 साल की उम्र में चयन होना अपने आप में एक विशेष बात है। अभिषेक की उपलब्धि पर चाचा आशीष राजपूत, अजीत राजपूत, मामा डॉ. राजकुमार आदि खुश थे।

## सरकारी जमीन पर निर्माण, दर्ज हुई एफआईआर

**अछल्दा-औरैया।** थानाक्षेत्र के गांव बोडेपुर ग्राम सभा की भमि पर अवैध कब्जा कर रहे अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सक्षम धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए लेखपाल पतंजलि दुबे ने बताया कि ग्राम पंचायत वोडेपुर के ग्राम रामपुर की भूमि संख्या 243 रकवा 0.405 खलिहान की भूमि है। उक्त भूमि पर ग्राम रामपुर निवासी धनवीर व गौविन्द व शीशू पुत्रगण आशाराम पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर रहे हैं मना करने पर झगडा फसाद करने लगते है।

कहा कि उपरोक्त अवैध अतिक्रमणकारियों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवक घर में फांसी पर लटका, मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** एक युवक ने बीती रात अपने मकान के अंदर साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली है। सुबह जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक युवक की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी और पत्नी अपने मायके में थी।

अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी लगभग 28 वर्षीय शिव गोविंद उर्फ मंतोष सेंगर पुत्र स्व. बलराम सिंह सेंगर ने बीती रात अपने मकान के बेडरूम के अंदर से दरवाजे की कुंडी बंद कर साड़ी के सहारे पंखे से फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली है। बुधवार की सुबह काफी देर तक उसके न उठने पर उसकी मां ने कई बार आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब न मिलने पर जब उसके भाई संतोष कुमार सेंगर ने रोशनदान के सहारे देखा तो मंतोष का शव पंखे में फांसी के फंदे पर लटकता देख


रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

- एक वर्ष पूर्व हुई थी शादी रिश्तेदारी में गई थी पत्नी

परिजनों में चीख पुकार मच गई। बाद में दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा गया। घटना की सूचना मिलते ही अछल्दा थाना के वरिष्ठ उपरीक्षक सतीश कुमार उपनिरीक्षक पहलवान सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल करने के साथ शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक युवक की शादी लगभग 1 वर्ष पूर्व 29 मई 2023 को गढे का पुर्वा थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज निवासी मानसी पुत्री नरेश सिंह के साथ हुई थी। घटना के समय मृतक की पत्नी मौजूद नहीं थी वह अपने मायके गई हुई थी। पुलिस ने मृतक के मोबाइल को अपने कब्जे में लेकर गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# गुमटी में अराजकतत्वों ने लगाई आग, सामान जला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- मौके पर गाड़ी सहित पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

**अमृत विचार।** मंगलवार की रात एक पान मसाला की बिक्री के लिए सड़क किनारे रखी गुमटी में आग लग गई। दुकानदार की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस एवं फायर बिग्रेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जल का लाख हो चुका था। आग लगने से दुकानदार का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। गोमटी स्वामी दुकानदार ने आग लगाए जाने का लगाया आरोप लगाया है। बिगत एक सप्ताह पुर्व भी जलौन रोड स्थित ईशा वाटिका के सामने भी एक गुमटी में आग लगा दी गई थी। मंगलवार की रात्रि 9 बजे दिबियापुर रोड स्थित दर्शन महाविद्यालय के निकट सड़क किनारे खोखा गुमटी रखकर पान मसाला बेच कर जीवन यापन करने वाले कखावतू कलौनी निवासी श्याम सिंह ने बताया कि 5 दिन से तबियत खराब होने के कारण दुकान बंद थी। जब लोगों ने देखा दुकान में आग लगी हुई है। पास पड़ोस के लोगों द्वारा दुकानदार को आग लगने की जानकारी दी गयी जिस पर वह दुकान पर पहुंच गया, और पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी, तबतक गुमटी जलकर खाक हो चुकी थी। आग लगने से दुकानदार का हजारों रुपए का नुकसान हो गया।

## प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

**औरैया।** बुधवार को कंपोजिट विद्यालय नारायणपुर,नगर क्षेत्र औरैया में विद्यालय प्रबंध समित की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें सभासद मुकेश कुमार, एसआरजी सुनील दत्त राजपूत, एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी एवं विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यपक साधन कुमारी व एसएमसी सदस्य व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। बैठक के दौरान गत सत्र उत्तीर्ण हुए छात्रों को परीक्षाफल एवं पुरुस्कार वितरित किए गए। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने छात्रों को नियमित विद्यालय आने के लिए कहा। एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने निःशुल्क सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। सभासद मुकेश कुमार ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से वार्तालाप कर कार्य पूर्ण कराने हेतु आश्वासन प्रदान किया।

# जनहित के कार्यों को गति देना लक्ष्य

संवाददाता, बिधूना-औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए क्षेत्र के गांव देवराव में प्रधान प्रवीन शाक्य के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया । सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं इटावा से भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाला चुनाव है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गरीब जन कल्याण योजनाओं को गति देने व विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा भाजपा को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलता मिल रही है। अब यही कारण है कि प्रधानमंत्री को न केवल भारत में बल्कि विश्व में समर्थन और सम्मान मिल रहा है। उन्होंने


भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते प्रधान प्रवीण शाक्य। अमृत विचार

कहा हर काम को आगे बढ़कर करना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि सेवा सुरक्षा सुसाशन और गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। पिछले दस सालो से सरकार हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचा रही है। कार्यक्रम को दिबियापुर विधान सभा सहयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख सरनाम सिंह शाक्य ने भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख शरद राना, रजनीश पांडेय विधान सभा सहयोजक, कौशल राजपूत, शाक्य रवि शाक्य, कुलदीप त्रिवेदी, मनोज शाक्य, आनंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अधेड़ को लाठी मारकर किया घायल

**फफूंद-औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव तुर्कीपुर में एक व्यक्ति को गांव के ही एक युवक ने गाली गलौज करते हुये लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर डॉक्टरी परीक्षण हेतु सीएचसी दिबियापुर में भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव तुर्कीपुर फफूंद निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र नजर सिह गांव में खेतो पर बुधवार की सुबह गये हुये थे, तभी वहा पर गांव के ही दीपेश कुमार पुत्र हनुमंत उर्फ अफसर आगये और गाली गलौज करने लगा जब उन्होंने विरोध किया तो सिर में लाठी मारकर घायल कर दिया। पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों ने किया रूट मार्च

**अछल्दा-औरैया।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ चुका है। बुधवार को अछल्दा कस्बा में प्रभारी जटाराम जाट व सीओ अशोक कुमार, थाना इंचार्ज रवि श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रामस्वरूप, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया गया। प्रभारी इंस्पेक्टर जटाराम् जाट के साथ भारी संख्या में पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों के साथ कस्बा के हरीगंज बाजार सराय बाजार, स्टेशन बाजार, नहर बाजार, नेविलगंज में पैदल गश्त किया। इस दौरान थाना इंचार्ज रवि श्रीवास्तव ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों से आम जन सतर्क रहें और हमें भी समय समय पर इसकी सूचना देते रहे।

### शराब सहित एक गिरफ्तार

**फफूंद-औरैया।** पाता चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने बीती रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को 20 क्वाटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम विमल कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गांव खिरिया बताया है।

**कार्यक्रम** समारोह में केवीएस के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

# मतदाता जागरुकता रैली में बच्चों के साथ बड़े भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** एनटीपीसी आवासीय क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय परिसर से सेन्ट जोसेफ एवं केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली में बच्चों के साथ बड़ों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

रैली में मतदाताओं एवं जाइंट्स सहेली की कोआर्डीनेटर पूनम पुरवार, अध्यक्ष संध्या अवस्थी, बिंदु गुप्ता व राइजिंग क्वीन की अध्यक्ष सपना गुप्ता ने प्रतिभाग किया। मतदाता जागरूकता रैली को एसडीएम अजीतमल राम अवतार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीएलओ हरिओम बाजपेई ने बताया कि एनटीपीसी आवासीय बूथ पर पिछले चुनाव में 31-76 प्रतिशत मतदान रहा था जिसे इस चुनाव में 70 से 80 प्रतिशत का लक्ष्य करना है। यह शतप्रतिशत साक्षर बूथ है। रैली के बाद सामुदायिक भवन में गोष्ठी संपन्न हुई, मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भागयनगर दाताराम एवं फादर जियो सी जार्ज एवं प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय गीता जी का पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया। एसडीएम अजीतमल राम अवतार ने निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और उपस्थित सभी को शपथ ग्रहण करायी। वहीं, ब्रेल लिपि की मतदाता अनीता चतुर्वेदी को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया और वोट करने की अपील की। समारोह में केवीएस के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर मनमोहक समा बांध दिया। समारोह को केवीएस प्रधानाचार्य गीता, खंड शिक्षा अधिकारी भाग्यनगर दाताराम ने लोकतंत्र का महत्व बताकर सही प्रतिनिधि का चुनाव करने का आह्वान किया। समारोह में स्काउट्स गाइड की आयुक्त अनुपमा शर्मा, पूजा तिवारी, जायंट्स ग्रुप की रेनू सिंह, पुष्पलता आदि रहीं।



मतदाता जागरुकता रैली के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

# श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दिलाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** वृद्ध आश्रम आनेपुर औरैया के संस्थापक डा. राजवर्धन शुक्ला ने दो अप्रैल को अपना जन्मदिन माधव हैप्पी ओल्ड एज होम में वृद्धजन व ईट भट्टों पर काम करने वाली महिलाओं के बच्चों के साथ मनाया। जन्मदिन पर औरैया में पांच ईट भट्टों पर काम करने वाली कामकाजी महिलाओं व उनके बच्चों की भागीदारी रही। आश्रम के संस्थापक ने श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया।वृद्ध आश्रम में आकर जन्मदिन मनाते हुए डॉ. राजवर्धन ने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष इन बुजुर्ग माता-पिता के साथ अपना जन्मदिन मनाते हैं। डॉ. शुक्ला ने आज को अंतरराष्ट्रीय चिल्ड्रन बुक-डे के अवसर पर ईंट भट्टों पर काम करने वाली महिलाओं के बच्चों को संस्था द्वारा निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्प लिया। अंत में जन्मदिन के उपलक्ष्य में वृद्धजनों को फल मिष्ठान वितरण करके सभी वृद्धजनों को अपने हाथों से केक खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।


वृद्धाश्रम में जन्मदिन मनाते संस्थापक व अन्य। अमृत विचार

